जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 16 अप्रेल, 2023




## विचार बिन्दु

निश्चंत मन, भरी थैली से अच्छा है। -अरबी कहावत

# स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिए निद्रा अनिवार्य है

गंगा नदी के तट पर प्रातः घूमकर थोड़ा घाट के सौन्दर्य का आनंद लेने के लिये बैठे ही थे कि सब की तरह हमने भी मोबाइल में सोशल मीडिया को खंगाला। मित्र-मंडली में जुड़ने का आग्रह था। जुड़ गये। भूल भी गये। बहुत दिन बाद लम्बी बातचीत के बाद उनसे गहरी मित्रता हो गयी। एक दिन एक एलर्जिक राइनाइटिस के रोगी को हमने उन्हें दिखाने की सलाह दिया। जांच-पड़ताल के बाद कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आये। इलाहबाद के डॉ. वी.बी. मिश्रा, जिनकी हम बात कर रहे थे उन्होंने रोगी को बताया कि आप प्रति रात कम से कम सात घंटे की नींद लिया करें तो आपका एलर्जिक राइनाइटिस शीघ्र ठीक हो जायेगा। तो क्या नींद का एलर्जिक राइनाइटिस से कोई रिश्ता है? हमने संहितायें पुनः सम्हाली। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों और शोध-पत्रों का डाटाबेस खंगाला। आज की चर्चा पुनः नींद न लेने से उत्पन्न होने वाले पचड़ों पर केन्द्रित है।

आयुर्वेद में निद्रा को आहार एवं ब्रह्मचर्य केसमकक्ष जीवन का उपस्तम्भ माना गया है। आयुर्वेद का मानना है कि उचित समय व मात्रा में नींद व्यक्ति को पुष्टि, साफ रंग, बल, उत्साह, तेज भूख, अनालस्य व धातुसाम्य देती है (सु.चि. 24.88): पुष्टिवर्णबलोत्साहमग्निदीप्तिमतन्द्रिताम्। करोतिधातुसाम्यं च निद्रा काले निषेविता।। सुख-दुःख, दुष्टि-पुष्टि, मोटापा-पतलापन, बल-दुर्बलता, पुंसत्व-नपुसंकता, ज्ञान-अज्ञान, जीवन-मृत्यु सब निद्रा पर ही आधारित होते हैं। पर्याप्त नींद हमें सुखी, पुष्ट, बली, ज्ञानी व दीर्घायु बनाती है। सूर्योदय काल/सूर्यास्त काल में सोना (मिथ्यायोग), उचित मात्रा से कम नींद (हीनयोग) या उचित मात्रा से अधिक सोना (अतियोग) स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। रात्रि में सही समय पर नींद लेने पर स्वस्थ शरीर और सुखी जीवन तो मिलता ही है, यह सम्पन्नता का आधार भी है (च.सू. 21.36-38): निद्रायत्तंसुखंदुः खंपुष्टिःकार्श्यंबलाबलम्। वृषताक्लीवताज्ञानमज्ञानंजीवितं न च।। अकालेऽतिप्रसङ्गाच्च न च निद्रा निषेविता। सुखायुषीपराकुर्यात्कालरात्रिरिवापरा।। सैवयुक्तापुनर्युङ्क्ते निद्रा देहंसुखायुषा। पुरुषंयोगिनंसिद्ध्या सत्या बुद्धिरिवागता।। कहने का तात्पर्य यह है कि अगर हम उचित मात्रा और समय पर नहीं सोते तो उपरोक्त वर्णित लाभों के उलट हानि ही होना है।

दरअसल आज नींद उड़ाने के कई कारण हमारी जीवा-शैली में घुस गये हैं। उदाहरण के लिये विरेचन, डर, चिन्ता, गुस्सा, बहुत अधिक धूमपान और व्यायाम, व्रत, रक्तमोक्षण, कष्टकारी बिस्तर, सतोगुण की अधिकता या योगाभ्यास, तमोगुण पर विजय, कार्यो की अधिकता, बुढ़ापा, दर्द व वात विकारों के बढ़ने से नींद नहीं आती है (च.सू. 21.55-57): कायस्यशिरसश्चैवविरेकश्छर्दनंभयम्। चिन्ता क्रोधस्तथाधूमोव्यायामोरक्तमोक्षणम्।। उपवासोऽसुखा शय्या सत्त्वौदार्यंतमोजयः। निद्राप्रसङ्गमहितंवारयन्तिसमुत्थितम्।। एतएव च विज्ञेयानिद्रानाशस्यहेतवः। कार्यंकालोविकारश्चप्रकृतिर्वायुरेव च।। ये तमाम ऐसे कारण हैं जिनसे हमारा दिन-रात वास्ता पड़ता है और हम अपनी नींद उड़ा बैठते हैं। रात भर जागते हैं और फिर दिन में सोने का बहाना ढूँढ लेते हैं। और फिर होती है शुरुआत तमाम समस्याओं की, जो हमें अंततः बीमार कर देते हैं।

दिन में सोने से स्वास्थ्य-संबंधी अनेक समस्यायें होती हैं। वस्तुतः ग्रीष्म ऋतु के अलावा अन्य ऋतुओं में स्वस्थ व्यक्ति के दिन में सोने से कफ और पित्त बढ़ते हैं। मोटे लोग, खूब घी खाने वाले लोग, कफ प्रकृति या कफज रोगों से ग्रसित लोग और विष-पीड़ित लोगों को दिन में नहीं सोना चाहिये, अन्यथा, सिर दर्द, अंगों में भारीपन, अग्निमांद्य और पाचन शक्ति में कमी, जो असल में समस्त रोगों का मूल है, जी मिचलाना, त्वचा में चकत्ते, फुंसियाँ, खुजली, आलस्य, स्मृति एवं बुद्धि में गड़बड़ी, इन्द्रियों में अक्षमता, स्त्रोतोवरोध, बुखार जैसी समस्यायें होती हैं (च.सू. 21.44-49): ग्रीष्मवर्ज्येषुकालेषुदिवास्वप्नात्प्रकुप्यतः। श्लेष्मपित्तेदिवास्वप्नस्तस्मात्तेषु न शस्यते।। मेदस्विनःस्नेहनित्याःश्लेष्मलाःश्लेष्मरोगिणः। दूषीविषार्ताश्चिदवा न शयीरन्कदाचन।। हलीमकःशिरःशूलंस्तैमित्यंगुरुगात्रता। अङ्गमर्दोऽग्निनाशश्चप्रलेपोहृदयस्य च।। शोफारोचकहृल्लासपीनसार्धावभेदकाः। कोठारुःपिडकाःकण्डूस्तन्द्राकासोगलामयाः।। स्मृतिबुद्धिप्रमोहश्चसंरोधःस्त्रोतसांज्वरः। इन्द्रियाणामसामर्थ्यंविषवेगप्रवर्तनम्।। भवेन्नृणांदिवास्वप्नस्याहितस्यनिषेवणात्। तस्माद्धिताहितंस्वप्नंबुद्ध्वास्वप्यात्सुखंबुधः।।

ऐसी जीवन-शैली त्रिदोष-भड़काऊ हो जाती है जिसमे नींद की कमी के साथ आहार, विहार, सद्वृत्त, स्वस्थवृत्त आदि भी सदैव नहीं सम्हाले जायें। उदाहरण के लिये तर माल खाने, शारीरिक व मानसिक व्यायाम न करने और ख़ूब सोने से दिल के रोग होते हैं (च.सू.17.34):अत्यादानंगुरुस्निग्धमचिन्तनमचेष्टनम्। निद्रासुखंचाभ्यधिकंकफहृद्रोगकारणम्।। बात तो और भी कठिन हो जाती है जब कार्यों की चिंता न की जाये, खूब बेहिसाब-किताब खाया-पिया जाये और खूब सोने से आदमी सुअर की तरह मोटा हो जाता है (च.सू. 21.34): अचिन्तनाच्चकार्याणांध्रुवंसंतर्पणेन च। स्वप्नप्रसङ्गाच्चनरो वराह इवपुष्यति।।

**रात में सात घंटे से कम सोने से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और स्ट्रोक, अवसाद, मृत्यु का जोखिम, प्रतिरक्षा तंत्र में बिगाड़, दर्द में बढ़त, खराब कार्य प्रदर्शन, रोजमर्रा के काम में बढ़ी हुई त्रुटियों, और दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। असल में निद्रा एक प्राकृतिक औषधि है। पर्याप्त नींद लीजिये और स्वस्थ रहिये।**

दिन में सोना स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है। केवल अपवाद-स्वरूप संगीतज्ञ, गहन अध्येता, मद्यसेवी, थका-हारा, पैदल चलने से कमजोर, अजीर्ण कारोगी, घायल, बूढ़े, बालक, स्त्री, अतिसार व दर्द से पीड़ित श्वास रोगी, हिचकी से पीड़ित, उन्माद रोगी, वाहनों में बैठकर थके व जगे हुये लोग, गुस्सा, शोक व भय से दुःखी लोगों द्वारा दिन में सोने से धातुसाम्य, बल की वृद्धि, अंग-पुष्टि,व जीवन में स्थिरता आती है। इसके अलावा ग्रीष्म ऋतु में सूखापन, वात-वृद्धि, छोटी रातें होने से दिन में झपकी मारना हितकारी होता है (च.सू. 21.39-43): गीताध्ययनमद्यस्त्रीकर्मभाराध्वकर्शिताः। अजीर्णिनःक्षताःक्षीणावृद्धाबालास्तथाऽबलाः।। तृष्णातीसारशूलार्ताःश्वासिनोहिक्किनःकृशाः। पतिताभिहितोन्मत्ताःक्लान्तायानप्रजागरैः।। क्रोधशोकभयक्लान्तादिवास्वप्नोचिताश्च ये। सर्व एतेदिवास्वप्नंसेवेरन्सार्वकालिकम्।। धातुसाम्यं तथा ह्येषांबलंचाप्युपजायते। श्लेष्मा पुष्णातिचाङ्गानिस्थैर्यंभवतिचायुषः।। ग्रीष्मेत्वादानरूक्षाणांवर्धमाने च मारुते।रात्रीणांचातिसंक्षेपाद्दिवास्वप्नःप्रशस्यते।।

संहिताओं के इन सन्दर्भों के साथ यह भी जानना आवश्यक है कि नींद के सन्दर्भ में आधुनिक वैज्ञानिक शोध और आयुर्वेद के दृष्टिकोण में कोई अंतर नहीं है। भाषा अलग है अर्थ एक ही है। असल में तो निद्रा के संबंध में आयुर्वेदका दृष्टिकोण आधुनिक वैज्ञानिक शोध से और भी पुख्ता हुआ है। इस विषय पर अब तक लगभग 2,25,000 शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। आइये कुछ उदाहरण देखते हैं, पर सबसे पहले गंगा नदी के तट से शुरू हुई बात पर वापस आते हैं। डॉ. वी.बी. मिश्रा, जो देश के प्रख्यात आयुर्वेद सर्जन हैं, ने अनेक ऐसे रोगियों की एलर्जिक राइनाइटिस ठीक किया जो आधुनिक चिकित्सा पद्धति से हार-थक चुके थे। उनकी चिकित्सा में ढेर सारी युक्ति तो होती है किन्तु किसी भी एक समय में औषधियों की संख्या बहुत कम होती है। सबसे पहले रोगी की उड़ी नींद सम्हालते हैं। इसके लिये आवश्यकता हो तो एंक्जीकैल देते हैं। नींद दुरुस्त करने के बाद जेवीएन-7 जैसी औषधि से दीपन, पाचन करते हुये अग्नि में समत्व बैठाते हैं, और अग्नि दुरुस्त होने के बाद एलरकैल नामक औषधि और जेरलाइफ नामक एक रसायन योग देते हैं। डॉ. मिश्र का मानना है कि एलर्जिक राइनाइटिस तो एक संकेत मात्र है। असल में तो नींद की कमी से ओज में ऐसी कमी आती है कि अंततः व्यक्ति किसी भी व्याधि से पीड़ित हो सकता है। डॉ.मिश्रा के अनुभव-जन्य ज्ञान से यह स्पष्ट हो जाता है कि लंबे समय तक एलर्जिक राइनाइटिस से पीड़ित रहना और क्लिनिकल जांच-पड़ताल के बाद भी कारण स्पष्ट नहीं हो रहा हो तो आपको अपनी नींद का लेखा-जोखा देखना होगा।

इस अनुभवजन्य ज्ञान को नई शोध से भी बल मिलता है। वर्ष 2018 में प्रकाशित एक अध्ययन बिलकुल स्पष्ट कर देता है कि यदि नींद की गुणवत्ता, नींद का काल, नींद का कुल समय बिगड़ा हुआ है तो व्यक्ति एलर्जिक राइनाइटिस का शिकार हो सकता है। अमेरिकन जनसंख्या के बीच किये गये इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि निद्रा के पैरामीटर्स जिनमें स्लीपलेटेंसी, इनसोमनिया, स्लीप-एपनिया, स्लीप-डिस्टरबेंस, स्लीपमेडिकेशन का प्रयोग और दिन के समय उनींदे रहना के कारण एलर्जिक राइनाइटिस के प्रकरण बढ़े हैं।

इन समस्याओं से निपटने के लिये क्या किया जाये? आयुर्वेद की दृष्टि से देखें तो अच्छी नींद लाने का उत्तम उपाय सुझाये गये हैं। अभ्यंग, उबटन, स्नान, दही, दूध व घी के साथ पकाये गये शालि-चावल खाना, मन संतुष्ट रखना, मन-पसन्द सुगंध व शब्दों का उपयोग, शरीर को दबवाना, आंखों का तर्पण, सिर व शरीर में लेप, सुखदायी बिस्तर और सोने का शांत और समुचित स्थान, समय पर सोना अच्छी नींद के उपाय हैं (च.सू. 21/ 52-54): अभ्यङ्गोत्सादनंस्नानंग्राम्यानूपौदकारसाः। शाल्यन्नंसदधिक्षीरंस्नेहोमद्यंमनःसुखम्।। मनसोऽनुगुणागन्धाःशब्दाःसंवाहनानि च। चक्षुषोस्तर्पणंलेपःशिरसोवदनस्य च।। स्वास्तीर्णंशयनं वेश्म सुखंकालस्तथोचितः। आनयन्त्यचिरान्निद्रांप्रनष्टा या निमित्ततः।।

नींद न आ रही हो तो सिर और शरीर में हलके हाथ से तेल का प्रयोग करते हुये अभ्यंग करना लाभकारी होता है। मधुर, स्निग्ध, भोजन जैसे शालि चावल, गेहूँ, पीठी से बने पदार्थ जो गन्ने के रस व दूध में पकाये गये हों, नींद लाने में लाभकारी रहते हैं। रात में द्राक्षा, शर्करा, गन्ने का रस से बने पदार्थ लेना तथा मन-पसंद नरम बिस्तर और बैठकी आदि भी निद्रा नाश को दूर करते हैं (सु.श.4.43-46): निद्रा नाशेऽभ्यङ्गयोगोमूर्ध्नितैलनिषेवणम्। गात्रस्योद्वर्तनंचैवहितंसंवाहनानि च।। शालिगोधूमपिष्टान्नभक्ष्यैरैक्षवसंस्कृतैः। भोजनंमधुरंस्निग्धंक्षीरमांसरसादिभिः।। रसैर्बिलेशयानां च विष्किराणांतथैव च। द्राक्षासितेक्षुद्रव्याणामुपयोगोभवेन्निशि।। शयनासनयानानिमनोज्ञानिमृदूनि च। निद्रा नाशेतुकुर्वीततथाऽन्यान्यपिबुद्धिमान्।। स्वाभाविक रूप से तो नींद तब आती है जब मन थक जाये, इन्द्रियाँक्रिया-रहित हो जायें, मन व इंद्रियाँ तमामपचड़ों से मुक्त हो जायें (च.सू. 21.35): यदा तुमनसिक्लान्तेकर्मात्मानःक्लमान्विताः। विषयेभ्योनिवर्तन्ते तदा स्वपितिमानवः।। इसी से सम्बंधित तथ्य यह भी है कि हृदय जो चेतना का स्थान है, जब तमस से अभिभूत हो जाता है तब नींद आती है (सु.शा.4.34): हृदयंचेतनास्थानमुक्तंसुश्रुतदेहिनाम्। तमोभिभूतेतस्मिंस्तु निद्रा विशतिदेहिनम्।।

सारांश में कहें तो रात में सात घंटे से कम सोने से मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और स्ट्रोक, अवसाद, मृत्यु का जोखिम, प्रतिरक्षा तंत्र में बिगाड़, दर्द में बढ़त, खराब कार्य प्रदर्शन, रोजमर्रा के काम में बढ़ी हुई त्रुटियों, और दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है। असल में आयुर्वेद, आधुनिक वैज्ञानिक शोध और अनुभवजन्य ज्ञान से बिलकुल स्पष्ट हो जाता है कि शायद ही ऐसी कोई बीमारी हो जिसका जोखिम निद्रा-अभाव के कारण ना बढ़ता हो। असल में निद्रा एक प्राकृतिक औषधि है। पर्याप्त नींद लीजिये और स्वस्थ रहिये।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,**
**(इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं।)**

# विद्यापीठ प्राचीन और नवीनतम विचारों के समन्वय का प्रतीकः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

- **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रदान की 32 पी.एचडी की उपाधियां और 14 स्वर्ण पदक**
- **विद्यापीठ ने हर क्षेत्र में अपने आप को उत्कृष्ट मान दण्डानुसार साबित किया : प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत**



**उदयपुर के जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के 16 वें दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कुलपति कर्नल प्रो. सारंगदेवोत ने सम्मान किया।**

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विवि उदयपुर के 16 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री राजनाथसिंह ने कहा कि जीवन में सफलता और विफलता दोनों ही का अपना महत्व है। असफलताएं हमें निखारने आती हैं, असफलता के बाद हमेशा कोशिश जारी रखनी चाहिए और सीखते हुए जीवन में आगे बढना चाहिए। अभिभावक भी अपने बच्चों की योग्यताओं और क्षमताओं का आकलन उनके परिणामों से नहीं करके उनके सीखने के प्रयासों से करें। कोई भी लक्ष्य जीवन से बड़ा नहीं हो सकता है। युवाओं का परीक्षाओं के दबाव में जीवन को खोना हमारी सामाजिक विफलताओं को बताता है। इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार हैं। विद्यापीठ में विज्ञान प्रौद्योगिकी, चिकित्सा आधारित पाठयक्रमों के साथ-साथ प्रताप, मीरा के शोध पीठों का कार्य विद्यापीठ के प्राचीन और नवीनतम विचारों के समन्वय का प्रतीक है। राष्ट्र की वैश्विक प्रगति व विश्व गुरू के सम्मान का आधार उद्यमिता, कौशल विकास और नवीन अनुसंधानों से युक्त आज की युवा पीढी है।

कुलपति प्रो. एस एस सारंगदेवोत ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतापनगर स्थित विद्यापीठ विवि परिसर में लगी संस्थापक मनीषी पंडित जनार्दनराय नागर की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की, एनसीसी के कैडेटस ने रक्षामंत्री को गार्ड आफ ऑनर प्रदान किया। इसके बाद दो करोड़ रूपयों की लागत से तैयार पवेलियन, क्रिकेट स्टेडियम व प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की चेतक आरूढ प्रतिमा का लोकार्पण कर नमन किया। कुलपति प्रो सारंगदेवोत ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 32 पी.एचडी धारकों को उपाधियां और 14 स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के स्वर्णपदक प्रदान किए। समारोह की शुरूआत में रित्विका अकादमिक प्रोसेशन से हुई। कर्नाटक भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार को जनार्दनराय नागर संस्कृति रत्न सम्मान से नवाजा गया जिसके तहत उन्हें रजत पत्र, प्रतीक चिन्ह, उपरणा, पगडी, प्रशस्ति पत्र व एक लाख रूपये नकद राशि दी गई।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी.पी. सिंह, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी अनिल सिंह, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर युपी के कुलपति प्रो. राजेश सिंह, श्रीगोविन्द गुरू विवि गोधरा के कुलपति प्रो. प्रताप सिंह चौहान, कुल प्रमुख बीएल गुर्जर, रजिस्ट्रार हेमशंकर दाधीच ने भी विचार व्यक्त किए।

रक्षामंत्री राजनाथसिंह ने कहा कि संस्कार युक्त युवा जहां एक ओर समाज के लिए कल्याणकारी होता है वहीं संस्कार रहित युवा समाज के लिए विनाशकारी होता है। भारतीय सभ्यता का आधार हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत है। यही कारण है कि हजारों वर्षों बाद भी भारतीय संस्कृति अपने अस्तित्व को बनाए हुए है। लंबे कालखंड में भारतीय सभ्यता ने भौतिक उठापटक के दौर देखे लेकिन संस्कारों और आध्यात्मिकता का अस्तित्व आज भी बना हुआ है। उदयपुर आकर अभिभूत हुए रक्षामंत्री ने कहा कि जब भी मैं राजस्थान में आता हूं मुझे राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, पन्नाधाय की युक्ति और भामाशाह की संपत्ति स्वाभाविक रूप से ध्यान में आती है। राजस्थान की हवाओं में उनकी कथाएं बराबर तैरती रहती है। दीक्षांत समारोह में जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ परिवार के सदस्यों के बीच उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य का विषय है।

मुझे शूरवीर पराक्रमी और उदयपुर की धरती के सपूत महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। प्रतिमाएं हमारी महान विभूतियों के विचारों और संस्कारों की विरासत को सहेज कर रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होती है, उन विभूतियों के सम्मान और उनके प्रति कृतज्ञता का भी यह प्रतीक होती है। लगभग 500 साल बाद भी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण होना व यहां स्थापित होना यह बताता है कि चाहे कितना भी समय गुजर गया हो, चाहे पीढि यां कितने भी आगे बढ गई हो, हमारे समाज और राष्ट्र में प्रताप का प्रताप सदैव विद्यमान रहेगा इससे यह संदेश स्पष्ट जाता है। मैं उनकी स्मृति को भी प्रणाम एवं नमन करता हूं। कुलपति प्रो एसएस सारंगदेवोत ने कहा कि आज विद्यापीठ ने हर क्षेत्र में अपने आप को उत्कृष्ट मापदंडानुसार साबित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को भावी जीवन में सफलता के साथ-साथ संस्कारों से परिपूर्ण भारतीय विचारधारा को अपनाने व बनाए रखने का आव्हान किया।

# मसूदा-ब्यावर मेगा हाईवे सड़क मार्ग कई जगह से टूटा, लोग परेशान

**मसूदा, (निसं)।** राजस्थान विधानसभा के इस वर्ष आम चुनाव से पहले मेगा हाईवे सड़क मार्ग का कार्य हो सकता है या नहीं समय टकटकी लगाए देख रहा है। क्षेत्रीय विधायक व अधिकारियों की अनदेखी के कारण मसूदा ब्यावर के लोग धूल भरे माहौल में जीने को मजबूर है। टूटी सड़कों के कारण मसूदा ब्यावर में कई जगह से हालात बने हुए हैं बारिश के बाद टूटी सड़कों पर जमा मिट्टी सूख गई है। अब ज्यादा धूल उड़ने लगी है। इससे राहगीरों को परेशानी हो रही है।

धूल के गुबार की वजह से लोगों का कई सड़कों पर चलना दुर्लभ हो चुका है। क्षतिग्रस्त सड़क धूल मिट्टी होने से हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि लोगों ने ब्यावर मसूदा सड़क पर निकलना तक कम कर दिया है। वाहन चालकों ने सड़कों पर दिनभर धूल के आगोश में निकलने को मजबूर हो रहे है। इससे हालात मसूदा कस्बे से आडवाणीया, खिमपुरा चौराहा, ब्यावर घाटा, पाखरियास सड़कों का ऐसा ही हाल है। धूल की वजह से सबसे ज्यादा सड़क मार्ग जगह जगह से धरती का सीना छलनी, सड़क के आसपास खेतों एवं दुकानदारों की दुकाने होने की वजह से दिनभर सैकड़ों वाहनों की आवाजाही लगी रहती है। जहां दिन भर मिट्टी की धूल के गुबार उड़ते देखते हैं जिसमें आने जाने वाले लोगों को सांस लेना भी दुश्वार हो चुका है। वहीं टूटी सड़कें के कारण राजस्थान सरकार पथ परिवहन निगम की बसें भी इस मार्ग से कम ही गुजरती है। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी इस मिट्टी की गुब्बारों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार तो छात्राओं को मुंह पर रुमाल रखकर जाना पड़ता है। चुनावी सभाओं में राजनेताओं की ओर से बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन आज तक वह खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। वहीं इसको लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी को अवगत भी करवा चुके हैं। लेकिन उनका भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है। राजस्थान सरकार ने मसूदा ब्यावर स्टेट हाईवे पीपी मोड पर डाल देने की वजह से आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों एवं दुकानदारों को ज्यादा परेशानी धूल से सबसे ज्यादा परेशानी इन सड़कों पर स्थित खेत एवं दुकानदारों को हो रही है किसानों एवं दुकानदारों का कहना है कि पूरे दिन वाहनों की आवाज आई से धूल के गुबार उड़ते रहते हैं।

## पुस्तक समीक्षा

# आप जैसा कोई नहीं




पुस्तक के शीर्षक से ही यदि कोई इसके प्रणयकथा होने का अनुमान लगाता है, तो पहले ही अध्याय 'इतवार के उस दिन' से गुजरते ही उसकी यह धारणा निर्मूल ही रह जाती है।

राहुल हेमराज ने आज के समय व समाज की जरूरत को परखते हुए व्यक्तित्व निर्माण व जीवन प्रबंधन को अपना विषय बनाया है। विषय की गूढ़ और गहनगम्य अवधारणाओं को उनके मीमांसाकार ने किसी संत के प्रवचनों की तरह न कह कर ऐतिहासिक, पौराणिक आदि दृष्टान्त के साथ उन्हें सार्थक रूप से परिभाषित किया है।

उनके आलेखन की दो खासियतें साफ-साफ दिखाई देती है, उनमें एक तो यह कि आलेख के आमुख में कोई न कोई विद्वान, दार्शनिक, लेखक, कवि की टिप्पणी, सुभाषित, सूक्ति या कविता आदि का उल्लेखन, दूसरा यह कि वे अपनी मौलिक विश्लेषणाओं के जरिए सार तत्व को पाठक के हवाले न छोड़कर स्वयं सुस्थापित करते हैं तथा आलेख के अंत में किसी वैज्ञानिक प्रयोग को सिद्ध करने की तरह निष्कर्ष भी अंकित करते हैं। इस तरह वे एक निश्चित सारांश के माध्यम से व्यक्ति व समाज का पथ सुगम बनाते हैं।

राहुल हेमराज का जन्म राजस्थान के पाली जिले के गाँव बांकली में 21 अप्रैल, 1970 में हुआ। डॉक्टर पिता के तबादलों के कारण अलग-अलग गाँवों में उनकी प्रारम्भिक शिक्षा हुई। बांगड़ महाविद्यालय, पाली में वाणिज्य में स्नातक किया।

**-भानु भारवि,**
**कवि, लेखक, नाट्य समीक्षक**




# अजमेर में करोना के 36 पॉजिटिव मरीज मिले

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर जिले में शनिवार को 36 नए कोविड संक्रमित मरीज चिन्हित हुए हैं। यह सभी मरीज शहर के विभिन्न क्षेत्रों से सामने आए हैं। अप्रैल महीने में अब तक 159 पॉजिटिव मरीज दर्ज किए गए।

जानकारी के अनुसार हेल्थ डिपार्टमेंट के द्वारा सभी को होम क्वॉरेंटाइन किया गया है। साथ ही पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आए लोगों की जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शनिवार को अजमेर शहर के वैशाली नगर, कोटड़ा, रामगंज, कैसरगंज, डिग्गी बाजार, चंद्रवरदाई और लोहा खान क्षेत्र से 36 कोविड-19 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं।

इनमें बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं शामिल है। सभी पॉजिटिव मरीजों को हेल्थ डिपार्टमेंट के द्वारा 7 दिन के लिए होम क्वारैंटाइन किया गया है। इसके साथ ही पॉजिटिव मरीजों के संपर्क में आए लोगों को चिन्हित कर उनकी भी जांच की जा रही है। जिससे कि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

- **भीलवाड़ा में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ़्तार रुकी**

स्वास्थ्य विभाग ने संक्रमितों की हिस्ट्री को फिर खंगालना शुरू कर दिया है। अभी तक की पूछताछ में सामने आया कि किसी भी पॉजिटिव ने अभी तक ट्रैवलिंग करके नहीं आ रहा है। भीड़ वाले क्षेत्रों में बिना मास्क के जाने, एक दूसरे की जगह हाथ लगाने, सैनिटाइजर व हाथ धोने की आदत भूलने के कारण ही लोग कोविड-19 हो रहे हैं। वहीं भीलवाड़ा में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ़्तार पर शनिवार को ब्रेक लगा है। आज कोई नया कोविड पॉजिटिव नहीं मिला है। वहीं तीन रोगियों ने कोरोना को मात दी है। आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि शनिवार को कोविड पॉजिटिव एक भी रोगी नहीं मिला। वहीं पूर्व संक्रमित तीन रोगियों ने उपचार लेकर कोरोना को मात दी है। डॉक्टर चावला का कहना है कि भीलवाड़ा में अभी 16 एक्टिव केस है।

## राशिफल रविवार 16 अप्रैल, 2023


**पंडित अनिल शर्मा**

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, एकादशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 4:06 तक, शुक्ल योग रात्रि 12:12 तक, बव करण प्रातः 7:30 तक, चन्द्रमा कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कुम्भ, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज महापात योग रात्रि 12:18 से रात्रि 4:49 तक है। दग्ध योग सांय 6:14 से सूर्योदय तक है। आज वरूयिनी एकादशी, श्री वल्लाभाचार्य जयन्ती है। आज पंचक और वैधृति पुण्य है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:40 से 9:16 तक, लाभ-अमृत 9:16 से 12:27 तक, शुभ 2:02 से 3:37 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:06, सूर्यास्त 6:47

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**वृष**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आज प्रयासों में उचित सफलता मिल सकती है। पारिवारिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। ध्धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**धनु**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक मामलों में दुविधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

**कुंभ**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**मीन**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष और भय बना रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Blighty Vilayat & Important Letter of No Consequence**

In an attempt to plumb the sea's depth a 'Firanghie' king had a rope dropped into it, millions of yards disappeared.

**Typing, Mouse Clicking Show Your Work Stress**

One in three employees suffers from workplace stress



*पर्यावरणविद पारम्परिक तौर पर मानते आए हैं कि "एन्डेन्जर्ड" टाइगर्स नेपाल के दक्षिणी मैदानी भागों के सर्वोच्च परभक्षी हैं। इसी तरह "वल्नरेबल" लैपर्ड (तेंदुआ) पहाड़ी भागों पर राज करते हैं और "वल्नरेबल" स्नोलैपर्ड सुदूर उत्तर के पहाड़ी भागों के शहंशाह हैं। लम्बे अर्से से इस देश के स्कूलों में भी यही पढ़ाया जाता रहा है। पर विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि, जलवायु परिवर्तन टाइगर व लैपर्ड को निरंतर अनुकूल हैबिटैट की तलाश में उत्तर की तरफ धकेल रहा है तथा वो स्नोलैपर्ड की टैरिटरी में घुस रहे हैं। तीनों प्रजातियों की रेंज में पहले से ही "ओवर लैप" है, विशेष रुप से ऊँचाई वाले क्षेत्र में। कैमरा ट्रैप में पूर्वी नेपाल में 3000 मीटर की ऊंचाई पर टाइगर की तस्वीरें मिली हैं, जो कि स्नोलैपर्ड का क्षेत्र है। भारत और भूटान में तो टाइगर और लैपर्ड और भी ज्यादा ऊंचाई, क्रमशः 3600 और 4000 मीटर, पर देखे गए हैं, इतना ही नहीं, 5400 मीटर की ऊँचाई पर लैपर्ड की तस्वीरें ली गई हैं। माना जाता है कि, स्नोलैपर्ड 3000 से 5000 मीटर की ऊंचाई पर रहते हैं। जहां तक कुछ कम ऊँचाई पर रहने वाली बिग कैट्स, टाइगर और लैपर्ड की बात है, टाइगर, लैपर्ड को उनके क्षेत्र के बाहरी किनारे तक धकेल देने के लिए जाने जाते हैं, तथा दोनों का भोजन भी समान है। लेकिन टाइगर स्नोलैपर्ड के साथ कैसे पेश आते हैं इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं हैं। पर्यावरणविद् बिक्रम श्रेष्ठा कहते हैं कि, टाइगर की तुलना में स्नोलैपर्ड कमजोर होते हैं और अगर दोनों का आवास समान हुआ तो टाइगर स्नोलैपर्ड को बेदखल कर सकते हैं। श्रेष्ठा कहते हैं कि, लैपर्ड व स्नोलैपर्ड के मामले में भी यही स्थिति होगी और लैपर्ड लाभ में रहेंगे। संरक्षणविद्, केदार बराल का कहना है कि, "गर्म होते विश्व में टाइगर व लैपर्ड का स्नोलैपर्ड से टकराव बढ़ सकता है। हमारे शोध बताते हैं कि सामान्य लैपर्ड उत्तर में ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर बढ़ रहे हो सकते हैं, क्योंकि, ऊँचाई वाले क्षेत्र, जो पहले इनके लिए उपयुक्त नहीं थे, अब गर्मी बढ़ने के कारण इन्हें रास आएंगे। श्रेष्ठा की रिसर्च बताती है कि, स्नोलैपर्ड भी और ऊंचे क्षेत्रों की ओर जा रहे है, क्योंकि, उनकी मौजूदा रेंज में तापमान बढ़ रहा है।*

# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अमित शाह ने गहलोत व कांग्रेस हाई कमान पर तीखा कटाक्ष किया

## शाह के अनुसार पायलट को ज्यादा अंक मिल सकते हैं, जमीनी स्तर पर अच्छा काम करने के लिये, पर गहलोत को उनसे ज्यादा मार्क्स मिल रहे हैं, हाई कमान की तिजोरी में अधिक पैसा डालने की वजह से

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा कांग्रेस नेतृत्व पर कटाक्ष किया है। राजस्थान में एक जनसभा को संबोधित करते हुये, अमित शाह ने कहा कि वे सचिन पायलट को यह बता देना चाहते हैं कि उनका मुख्यमंत्री बनने का नम्बर कभी नहीं आयेगा क्योंकि राजस्थान में अगली सरकार भाजपा बनायेगी।

उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर काम करने के मामले में सचिन पायलट के ज्यादा नम्बर हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस के कोष में ज्यादा पैसा पहुँचाने के मामले में ज्यादा नम्बर अशोक गहलोत के हैं।

अपने इस बयान के जरिये, अमित शाह ने गहलोत पर निशाना साधते हुये, उन्हें गांधी परिवार का "मनी बैग" बताया है तथा गांधी परिवार पर निशाना साधते हुये कहा है कि यह परिवार एक ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में पसद करता है, जो नेतृत्व को पैसा देता

- **अमित शाह ने कांग्रेस हाई कमान पर भी तंज कसते हुए कहा, यह दुख की बात है, कांग्रेस हाई कमान ने उस व्यक्ति को मु.मंत्री बनाया, जो ज्यादा पैसा देता है, बनिस्पत उस व्यक्ति के जिसने धरातल पर ज्यादा काम किया है।**
- **अमित शाह के कथन का भावार्थ है कि, "कांग्रेस में पैसा बोलता है।"**
- **कांग्रेस व भाजपा के संबंध भी अचानक काफी जटिल हो गये हैं।**
- **भाजपा हाई कमान वसुंधरा राजे को पसंद नहीं करता और दूसरी ओर कांग्रेस हाई कमान भी गहलोत से नाखुश है, पर दोनों हाई कमान उन व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर पा रहे, जिन्हें वे पसंद नहीं करते।**
- **साथ ही वसुंधरा राजे व गहलोत के संबंध काफी नजदीकी के हैं, और संकट के समय एक दूसरे की खूब मदद करते हैं, अमित शाह ने गहलोत-वसुंधरा राजे के अजीबोगरीब संबंधों पर अपनी टिप्पणी से अप्रत्यक्ष प्रहार भी किया है।**

है, ऐसे व्यक्ति को नहीं, जिसने जमीनी स्तर पर ज्यादा काम किया है। दूसरे शब्दों में, अमित शाह कह रहे हैं कि "पैसा बोलता है कांग्रेस पार्टी में," और यह एक निष्पक्ष आंकलन है क्योंकि गांधी परिवार गहलोत को हटाने में असमर्थ रहा है क्योंकि वे पार्टी कोष में पैसा पहुँचाते हैं।

सचिन पायलट ने अनशन पर बैठकर वसुंधरा के भ्रष्टाचार को निशाना बनाया था, लेकिन अमित शाह के अनुसार, लेकिन यह काम भी अच्छा हनीं माना गया तथा इसको लेकर, सचिन पालयट की खिंचाई की जा रही है।

क्या अमित शाह, सचिन पायलट को ईमानदार तथा अशोक गहलोत को भ्रष्ट बता रहे हैं?

गज़ब!! कांग्रेस और भाजपा के बीच, राजनैतिक परिदृश्य बड़ा कठिन हो गया है।

भाजपा नेतृत्व वसुंधरा को पसंद नहीं करता। कांग्रेस नेतृत्व अशोक गहलोत को पसंद नहीं करता।

लेकिन दोनों ही पार्टियों का नेतृत्व अपने नापसंद व्यक्तियों के खिलाफ कदम उठाने में असमर्थ हैं।

वसुंधरा और गहलोत बहुत अच्छे मित्र हैं तथा इस उक्ति को चरितार्थ कर

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# शरद पवार ने विपक्ष की एकता को एक और झटका दिया

## पवार ने कर्नाटक में 40-45 सीटों पर अपनी पार्टी का उम्मीदवार खड़ा करने की घोषणा की

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनावों को अन्य विभिन्न विधानसभाओं तथा 2024 के आम चुनावों के "फुल ड्रैस रिहर्सल" की शुरुआत के रूप में देखा





जा रहा है। लेकिन गौरतलब बात यह है

- **पवार के ये उम्मीदवार, कांग्रेस, जो कि कर्नाटक में भाजपा को विधानसभा चुनाव में हराने के नजदीक बतायी जाती है, के प्रत्याशियों के ही वोट काटेंगे तथा परोक्ष रूप से भाजपा को मदद ही करेंगे।**
- **पवार, कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमान्तर क्षेत्रों में, जहां मराठी जनसंख्या काफी है, में भी महाराष्ट्र एकीकरण समिति को प्रोत्साहित कर रही है, अपने उम्मीदवार खड़े करने के लिये।**
- **पवार अडानी प्रकरण में जे.पी.सी. के गठन का विरोध करके, एक झटका पहले ही दे चुके हैं कांग्रेस को।**
- **पवार खेमे का इस बारे में कहना है कि, हाल ही में चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार उनका राष्ट्रीय पार्टी होने का "स्टेटस" खत्म हो गया है, वे अपना पुराना "स्टेटस" पाने के लिये कर्नाटक में अपने उम्मीदवार खड़े कर रहे हैं।**

कि कर्नाटक चुनावों में कई मोड़ और घुमाव भी आने लगे हैं जो राष्ट्रीय राजनीति की प्रकृति की रूपरेखा के मुश्किल होने की भविष्यवाणी कर रहे हैं। विपक्षी दलों के दबाव के आगे झुकने के एक दिन बाद ही, एन.सी.पी. नेता शरद पवार पीछे हटते तथा "विपक्षी एकता" के हित में अडानी-मुद्दे पर "यू-टर्न" लेते नज़र आ रहे हैं। उनकी पार्टी की तरफ से आगे इस विस्फोटक बयान का लक्ष्य फिलहाल कर्नाटक कांग्रेस है। यह सुनिश्चित ही है, पवार की पार्टी 10 मई को हो रहे कर्नाटक विधानसभा चुनावों में 40-45 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एन.सी.पी. के इस कदम को उस पार्टी के लिये पिच को खराब करना ही कहा जायेगा, जो इस समय, स्वयं को राज्य में सबसे आगे तथा राज्य की सत्ता को सत्तारूढ़ भाजपा से छीन लेने में समर्थ मान रही है।

एन.सी.पी. के प्रवेश से कर्नाटक चुनाव और भी ज्यादा दिलचस्प हो जायेंगे तथा इस समय का भाजपा, कांग्रेस और जनता दल (एस) के बीच का इस त्रिकोणीय संघर्ष में एक कोण

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# अतीक अहमद और उसके भाई की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज, 15 अप्रैल। अतीक अहमद और भाई अशरफ की आज गोली मारकर हत्या कर

- **पत्रकार बन कर आए तीन लोगों ने उस समय अतीक और उसके भाई को गोली मार दी, जब प्रयागराज में उसे मैडिकल के लिए ले जाया जा रहा था, सारी घटना कैमरा पर रिकॉर्ड हुई है।**

दी गई। प्रयागराज में मैडिकल के लिए ले जाते समय उन्हें गोली मारी गई, जिससे उनकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार, अतीक और

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# '2019 के चुनाव के ठीक पहले पुलवामा क्यों हुआ?'

## विपक्ष ने कश्मीर के पूर्व राज्यपाल के इन्टरव्यू को आधार बनाकर मोदी सरकार पर, लापरवाही, बदइंतजामी जैसे कई आरोप लगाये

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के कल के बयान के बाद, नरेन्द्र मोदी सरकार चौतरफा हमलों से घिर गई है। मलिक ने कल कहा था कि 2019 में पुलवामा की घटना के समय, सी.आर.पी.एफ. को एयरक्राफ्ट का उपयोग करने के लिये मना कर दिया गया था तथा उसे सड़क मार्ग से जाने के निर्देश दिये गये थे।

"द वायर" के करण थापर को दिये गये एक विस्फोटक इन्टरव्यू में, मलिक ने प्रधानमंत्री पर सुरक्षा मामलों में "लापरवाह" होने का आरोप लगाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि पुलवामा की घटना केन्द्र सरकार की "अक्षमता" तथा गुप्तचर एजेंसियों की "बड़ी गलती" के कारण हुई थी। मलिक के आरोपों को दोहराते हुये, कांग्रेस पार्टी

- **पर, सबसे गंभीर आरोप आर.जे.डी. के नेता मनोज झा ने लगाया। उनका आरोप था कि, भाजपा ने 2019 के चुनाव की दृष्टि से हादसा होने दिया और दुखान्तिका के सही कारणों को तो दबा दिया गया, जिससे दुखान्तिका की जिम्मेवारी पाकिस्तान पर थोपी जा सके और भाजपा सरकार की छवि उज्जवल बनी रहे और उस पर कोई कालिख न लगे।**

ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि उन्होंने "अपनी व्यक्तिगत छवि को बचाने" की कोशिश में, पुलवामा से संबंधित प्रश्नों को "दफन कर देने" की कोशिशें की थीं। मोदी को संबोधित करते हुये, कांग्रेस ने अपने अधिकृत ट्विटर हैंडल पर कहा कि अगर केन्द्र सरकार ने जवानों को ले जाने के लिये एयरक्राफ्ट उपलब्ध करा दिया होता तो आतंकियों की साजिश नाकाम की जा सकती थी। पूर्व केन्द्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने कहा कि पूर्व राज्यपाल के बयान बहुत व्याकुल कर देने वाले थे तथा यह घटना भारत को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बहुत खराब स्थिति में प्रस्तुत करेगी।

मलिक ने संबंधित बयान के इस अंश को लेते हुये कहा कि "प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार के मुद्दों की कोई ज्यादा परवाह नहीं थीं," दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि मलिक का बयान इस बात का सबूत है कि "भ्रष्टाचार (का मुद्दा) भाजपा के लिये

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# बेटियों का यौन शोषण करने वाले पिता को 20 साल की सजा

जयपुर, 15 अप्रैल (का.सं.)। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने एक नाबालिग बेटी से दुष्कर्म और दूसरी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त पिता को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके

- **पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने पीड़ित नाबालिग बच्चियों की मां की रिपोर्ट पर कार्यवाही की तथा 40,000 रू. का जुर्माना भी लगाया।**

साथ ही अभियुक्त पर चालीस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि पीड़िताओं की मां ने 23 अप्रैल, 2020 को

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# अस्सी वर्षीय कांग्रेसाध्यक्ष खड़गे के समक्ष भारी दुविधा?

## राजस्थान में पार्टी के सामने आये संकट का असली कारण वे समझ तो रहे हैं, पर समाधान को क्रियान्वित करने से पार्टी को होने वाले नुकसान से भी परिचित हैं

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। राजस्थान की कमान कौन संभाले? देश की सबसे पुरानी पार्टी, कांग्रेस के प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को इस प्रश्न ने एक गंभीर दुविधा में डाल दिया है क्योंकि वह कोई ऐसा तरीका ढूढ़ने को लेकर मशक्कत कर रहे हैं, जो ना केवल कांग्रेस को जीत दिलाए बल्कि पार्टी की दोनों असैट्स भी पार्टी के साथ ही रहे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के मुद्दे को जहाँ दोनों प्रमुख राजनीतिक खिलाड़ियों के बीच की एक गंदी लड़ाई के रूप में चित्रित कर यह बताया जा रहा है कि इससे पार्टी का अंदरूनी तनाव सार्वजनिक हो रहा है, लेकिन वास्तविक समस्या पीढ़ीगत है और इससे राजनीतिक हल, व्यापार तथा उद्योग

- **राजनीतिक संकट की जड़ में है, नयी पीढ़ी को उभरने न देने की प्रवृत्ति। नयी पीढ़ी (सचिन पायलट व उनके युवा समर्थक) सत्ता व संगठन में अपनी उचित हिस्सेदारी की मांग कर रहे हैं।**
- **सचिन पायलट व उनकी युवा टीम की मेहनत ने, 2013 में, धरातल में पहुंची पार्टी, जो विधानसभा चुनाव में कुल 21 सीट पर विजयी हुई थी, को 2018 में 99 सीटों पर जितवाया था तथा कांग्रेस सरकार बना पायी थी। टीम को आशा थी कि, उनके नेता को सरकार का नेतृत्व करने का मौका मिलेगा।**
- **कांग्रेसाध्यक्ष राहुल गांधी का ऐसा वादा भी था। पर, पुरानी पीढ़ी (गहलोत) युवा को सत्ता सौंपने को कतई तैयार नहीं हुई।**
- **खड़गे जानते हैं कि, 6 महीने बाद होने वाले चुनाव में युवा वर्ग को पूर्ण रूप से, मन से सक्रिय नहीं किया गया, तो, चुनावी जीत की संभावना क्षीण है।**
- **पर, अभी युवा वर्ग काफी रोष में है, क्योंकि उसको उचित हिस्सेदारी साढ़े चार साल में नहीं मिली है।**
- **युवाओं में रोष व पुरानी पीढ़ी (गहलोत) की हठधर्मी के बीच, कांग्रेस की नैया को कैसे खेवें, इसका समाधान निकालना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है, खड़गे के लिये।**

सभी प्रभावित हो रहे हैं।

पायलट द्वारा इस हफ्ते की शुरुआत में एक दिन के उपवास पर बैठे जाने को एक पार्टी विरोधी गतिविधि करार किया गया और यह वादा किया गया कि जल्द ही एक बड़ी राजनीतिक सर्जरी होने वाली है, लेकिन खड़गे की बुद्धिमता, परिपक्वता और अनुभव ने इस संकट को तुरंत समाप्त कर एक उम्मीद जगाई कि एक ऐसा समाधर ढूंढा जाएगा जो रेगिस्तानी राज्य राजस्थान के दोनों प्रतिद्वंदियों को स्वीकार्य होगा। कई संघर्षों का अनुभव रखने वाले एक सीनियर की भांति खड़गे ने इस संकट का कोई समाधान निकालने के लिए पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को नियुक्त किया है।

खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष तो अब बने हैं, लेकिन पार्टी आलाकमान ने नसे गत वर्ष 27 अक्टूबर को कहा था कि राजनीतिक हलचलों में फंसे एक जहाज को सुरक्षित रूप से आगे ले जाना है। उन्हें अब कई मोर्चों पर लड़ना होगा।

खड़गे असीमित व्यक्तिगत अहंकारों और महत्वाकांक्षाओं के साथ ही आदर्शों के बीच संतुलन स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

राजस्थान में कांग्रेस की वास्तविक समस्या यह है कि 70 की उम्र पार कर

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# विधायकों की वन-टू-वन मीटिंग

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच सुलह कराने के एक प्रयास के रूप में पार्टी के चुनिंदा

- **मीटिंग में गहलोत व पायलट भी शामिल होंगे, मीटिंग में पार्टी की अन्तर्कलह पर विधायकों से फीडबैक लिया जाएगा।**

विधायकों की जयपुर में 17 और 18 अप्रेल को एक मीटिंग आयोजित की है।

गहलोत और पायलट, दोनों से इस मीटिंग में भाग लेने का अनुरोध किया गया है। पार्टी की अंदरूनी कलह पर विधायकों की राय और उनके सुझाव जानने को लेकर राजस्थान के ए.आई.

**( शेष अंतिम पृष्ठ पर )**

# सिरसी रोड पर बिजनेसमैन और उसके 2 साथियों पर देर रात जानलेवा हमला

## बदमाशों ने तीनों युवकों को सरेराह रोककर हॉकी व बेसबॉल बेट से पीटा

- मारपीट से घायल युवक को मरा हुआ समझकर फरार हुए हमलावर
- 9 अप्रैल को हुई थी वारदात, अस्पताल से लौटकर पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर के सिरसी रोड पर बिजनेसमैन और उनके दो साथियों पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। हमलावरों ने हॉकी-बेसवॉल डंडे से तीनों के साथ जमकर मारपीट की। लहूलुहान हालत में युवक को मरा हुआ समझकर हमलावर फरार हो गए। बिंदायका थाने में पीड़ित बिजनेसमैन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।


पुलिस ने बताया कि सिरसी रोड स्थित रॉयल ग्रीन सोसायटी निवासी बिजनेसमैन पवन कुमार कुमावत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित ने बताया कि 9 अप्रैल की रात वह परिवार और दो साथियों के साथ खाना खाने गए थे। रात करीब 10 बजे घर वापस लौट कर मेन गेट से एंट्री कर फ्लैट की ओर जा रहे थे। रास्ते में क्लब हाउस के पास रोड पर दोनों तरफ गाड़ी लगाकर कुछ लड़के जोर-जोर से बात कर रहे थे। कार निकलने की जगह नहीं होने पर हॉर्न बजाया। हॉर्न बजाने पर वह लड़के गाली-गलौज करने लगे। गाली देने की पूछने पर कार से नीचे उतार लिया। सोसायटी के मौजूद लोगों के बीच-बचाव करने पर साथी ललित व वैभव को गाड़ी देकर बच्चों और पत्नी को फ्लैट पर भिजवाया। सोसायटी के लोगों के जाने के बाद दोबारा गाली-गलौज करने लगे। बदमाशों ने धमकी दी कि, जान की खैरियत चाहता है तो यहां से निकल जा चुपचाप। नहीं तो तेरे घरवालों को पता भी नहीं चलेगा कि कहां गायब हो गया। साथी ललित और वैभव कार से अपने घर जाने के लिए निकले। उन्हें वापस देखकर इन लड़कों ने कार को रूकवा लिया। कहा कि इतनी हिम्मत की वापस आ गए। एक-आधे को आज निपटा ही देंगे। गार्ड रूम के पास कार्तिक नाम का लड़के अपने दो-तीन साथियों के साथ ललित और वैभव से मारपीट करने लगा। बीच-बचाव करने पर पीछे से दो-तीन गाड़ियों उनके 8-10 साथी आए। जिन्होंने बेसबॉल डंडे व हॉकी स्टीक से हमला कर दिया। हॉकी-बेसवॉल डंडे से तीनों के साथ जमकर मारपीट की। बेहोश होकर वैभव रोड पर गिर गया। इसके नाक से खून बह रहा था। उसके मरने की समझकर हमलावर वहां से फरार हो गए। आस-पास के लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए हॉस्पिटल पहुंचाया। पीड़ित बिजनेसमैन की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कठपुतली कारीगरों को टूल किट बांटे

**जयपुर**। राजपूताना हस्तशिल्प संस्थान जयपुर द्वारा कठपुतली क्लस्टर के कारीगरों के लिए टूल किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कठपुतली के क्लस्टर बनाने वाली महिलाओं को टूल किट वितरित किए। सांसद बोहरा ने वहां उपस्थित कारीगरों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि आज सौ महिला कारीगरों को टूल किट वितरण किया जा रहा है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं केंद्र सरकार की महिला सशक्तिकरण की नीति का ही परिणाम है कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं एवं स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर रही हैं। केंद्र सरकार स्व रोजगार सर्जित करने वाले लोगों अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा रही है, उन्हें कौशल विकास योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, वह अपने उत्पादन को बेच सकें, इसके लिए जेम जैसे पोर्टल बनाए जा रहे हैं।

## अधिकारियों ने देखी नवोदित आर्टिस्ट की कलाकृतियां

### नेशनल सिम्पोजियम का समापन आज



**वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंड्री में आयोजित की जा रही नेशनल सिम्पोजियम में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने नवोदित आर्टिस्ट की कलाकृतियों को निहारा और उन्हें मोटिवेट किया।**

**जयपुर** (कासं)। वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउण्ड्री में चल रही सात दिवसीय नेशनल सिम्पोजियम में अतिथियों के आने का सिलसिला जारी है। शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने सिम्पोजियम में विजिट कर नवोदित आर्टिस्ट की कलाकृतियों को निहारा और उन्हें मोटिवेट किया।

फाउंडरी के संस्थापक व विश्व प्रसिद्ध आर्टिस्ट राजकुमार पंडित ने बताया कि देशभर के विभिन्न स्कूल्स व कॉलेजों के आर्ट एंड कल्चर के स्टूडेंटस सिम्पोजियम में आकर जाने-माने आर्टिस्ट की ओर से बनाई जा रही कलाकृतियों के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को जयश्री पेड़ीवाल इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स व अध्यापकों ने विजिट किया। इस दौरान देश के प्रख्यात संस्कृतिकर्मी, कवि और कला समीक्षक डॉ. राजेश कुमार व्यास का संवाद हुआ। उन्होंने समृद्ध भारतीय मूर्तिकला परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय कलाएं अर्थगर्भित हैं। वहां दृश्य यथार्थ की बजाय कला की आंतरिक दृष्टि महत्वपूर्ण है। उन्होंने मूर्तिकला से जुड़े सौंदर्य, इन्स्टालेशन के साथ ही आधुनिक कला दृष्टि को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस तरह की सिम्पोजियम कलाओं से जुड़ी हमारी संवेदना दृष्टि को विस्तार देती है। यहां जो कलाकार रच रहे हैं, वह आने वाले समय में देश की धरोहर होगी। वहीं, रिटायर आईएएस श्याम अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। राजकुमार पंडित ने बताया कि रविवार को सिम्पोजियम का समापन है, इसमें राजस्थान लघु उधोग विकास निगम के चैयरमैन राजीव अरोड़ा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## संक्षिप्त

### 'प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भेजेंगे'

**जयपुर** (कासं)। अखिल भारतीय मजदूर संघ (भामसं) के 20 वे पटना में हुए अधिवेशन में यह प्रस्ताव पास किया गया कि 26 अप्रैल को एक दिवसीय जिला मुख्यालय पर धरना देकर प्रस्ताव की कॉपी प्रधानमंत्री को भेजी जाएगी। प्रस्ताव में न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी देने, आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बनाने, सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने एवं ठेका प्रथा बंद करने सहित प्रस्ताव पारित किए गए। मीडिया प्रभारी यतेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2023 से 2026 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें राज बिहारी शर्मा को उपाध्यक्ष, श्रवण कुमार राठौड़ वित्त सचिव, सी.बी.रमेश क्षेत्रीय संगठन मंत्री, दीनानाथ रुथला एडिटर विश्वकर्मा संकेत पत्रिका, अमर सिंह सांखला संयोजक पेंशनर्स महासंघ, मनीषा मेघवाल सदस्य, राजेंद्र शर्मा प्रभारी ग्रामीण बैंक को राजस्थान से पदाधिकारी नियुक्त किया।

### रामानुज जयन्ती महोत्सव आज से

**जयपुर** (कासं)। उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ श्री गलता जी में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में 16 अप्रैल को 10 दिन तक आयोजित होने वाले श्री रामानुज तिरुनक्षत्र (जयंती) महोत्सव का शुभारम्भ किया जाएगा। युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि इस अवसर पर दस दिन पर्यन्त नियमित रूप से प्रतिदिन तिरूमंजन ( अभिषेक ), वैदिक विधि से पूजन, अष्टोत्तरशत तुलसी अर्चना, पाठ, हवन, आदि किये जाएंगे। प्रतिदिन प्रात: शरणागति गद्य, श्री रंगगद्य, श्री वैकुण्ठ गद्य पाठ तथा सायं स्तोत्ररत्न, यतिराजविंशति, रामानुज प्रपत्ति, पंचधाटी, भजयतिराजं स्तोत्र आदि के पाठ किये जाएंगे। रामानुज जयंती के अवसर पर श्री गलता पीठ द्वारा रामानुजाचार्य जी के जीव कारुण्य व सामाजिक समरसता से सम्बंधित प्रसंगों को भी लोगों तक विभिन्न माध्यमों से पहुंचाया जाएगा।

### युवक का अपहरण कर फिरौती वसूली

**जयपुर** (कासं)। एयरपोर्ट इलाके में एक युवक से मारपीट के बाद फिरौती लेकर छोड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार क्लॉक टॉवर, अजमेर निवासी मोहित चंदवानी ने रिपोर्ट दी है कि इलाके स्थित होटल सुनीर में ठहरा हुआ था। आरोप है 13 अप्रैल की सुबह मयंक आजाद गाड़ी में बिठा कर हवाई अड्डा रेस्टोरेंट ले गया। मयंक से आपसी लेन देन है। यहां मयंक ने होटल स्टाफ के साथ मिलकर मारपीट की और हवाला के जरिए 5 लाख रूपए मंगवा लिए। वहीं, 20 हजार रूपए फोन पे ले लिए। इसके बाद अपने घर ले गया, जहां भाई भरत आजाद के साथ मिलकर मारपीट की। 5 लाख रूपए और मांगे। परिजनों के कॉल आने पर उसे छोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### जमीनी धोखाधड़ी का आरोपी पकड़ा

**जयपुर** (कासं)। बजाज नगर इलाके में जमीनी धोखाधड़ी के मामले में फरार एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह जाखड़ ने बताया गिरफ्तार आरोपित सुनील कुमार जैन जालूपुरा हाल श्यामनगर इलाके का रहने वाला है, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## हृदय रोग और उपचार की नई तकनीकों पर देशभर के विशेषज्ञों ने मंथन किया

### 'आधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युक्त एमआरआई और सीटी स्कैन तकनीक से सटीक परिणाम संभव'



**जयपुर में हृदय रोगों के उपचार की तकनीकों पर मंथन के लिए कॉफ्रेंस में जुटे डॉक्टर्स।**

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में हृदय रोग और उनके उपचार में नई तकनीकों पर देशभर से आए विशेषज्ञों ने मंथन किया। मेडिकल इमेजिंग और डायग्नोस्टिक्स की अग्रणी श्रृंखला महाजन इमेजिंग एंड लैब्स द्वारा आयोजित कार्डियक इमेजिंग- द नीड ऑफ द आवर विषयक सेमिनार में विशेषज्ञों ने कहा कि जयपुर में 20 माह से हृदय रोगों के सटीक निदान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एमआरआई और सीटी स्कैन का उपयोग किया जा रहा है।

राजस्थान में पहली बार उपलब्ध यह नई तकनीक डॉक्टरों को बुजुर्गों और बच्चों सहित सभी हृदय रोगों का जल्दी और सटीक निदान करने में मदद करती है। उन्नत प्रौद्योगिकी विशेष रूप से बाल रोगियों के लिए बड़ा वरदान है। इसमें सीटी स्कैन में विकिरण बहुत कम है और कम समय में एमआरआई स्कैन हो जाती है।

सम्मेलन के आयोजन सचिव एवं विभागाध्यक्ष, रेडियोलॉजी, महाजन इमेजिंग एंड लैब्स, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स जयपुर, डॉ. सुमन सिंघल ने बताया कि इस सम्मेलन में राज्य के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ, कार्डियक सर्जन, एनेस्थेटिस्ट और चिकित्सकों ने भाग लिया। एक दिवसीय सम्मेलन में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. हर्ष महाजन, डॉ. टी.एस. क्लेर, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, फोर्टिस मेमोरियल अस्पताल और पद्म भूषण अवार्डी और डॉ. सुमन सिंघल ने कार्डियक इमेजिंग तकनीकों में प्रगति के बारे में विभिन्न इंटरैक्टिव सत्रों में अपने विचार रखे।

डॉ. हर्ष महाजन ने कहा कि बताया कि दिल का दौरा आमतौर पर दिल की धमनियों में प्लाक जमा होने के कारण होता है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित ऐसी उन्नत परीक्षण तकनीकों से हम दिल के दौरे का पहले ही पता लगा सकते हैं। डॉ. टी.एस. क्लेर ने कहा कि हृदय रोग के रोगियों के इलाज की दिशा तय करने में सीएमआर बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। डॉ. आर. टोंगिया ने हृदय रोग प्रबंधन में सीटी एमआरआई के लाभों के बारे में बताया।

## फ्लैट में बंधक बनाकर नाबालिग से गैंगरेप

### 15 दिन पहले बांग्लादेश से जयपुर लाई थी उसकी सास

- वैशाली नगर के फ्लैट में सास की मौजूदगी में 10 दिन तक दो लड़के उससे दुष्कर्म करते रहे
- आरोपियों के चंगुल से फरार होकर पीड़िता ने अजमेर में दर्ज कराया मुकदमा

**जयपुर** (कासं)। वैशाली नगर इलाके के एक फ्लैट में नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। करीब 15 दिन पहले ही उसकी सास पति के साथ रहने की कहकर उसे जयपुर लाई थी। सास की मौजूदगी में ही फ्लैट में 10 दिन तक 2 लड़के उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। दरिंदों के चुंगल से भागकर युवती ने अजमेर के क्लॉक टावर थाने में आपबीती बताई। इसके बाद वहां से जीरो नंबरी एफआईआर वैशाली नगर थाने में दर्ज हुई।

पुलिस ने बताया कि बांग्लादेश निवासी 15 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह पिछले करीब 15 दिन से वैशाली नगर स्थित होटल राज पैलेस के पास फ्लैट में रह रही थी। उसकी सास पति के साथ रहने की कहकर उसे बांग्लादेश से लेकर आई थी। करीब 1 महीने पहले सासे के साथ बांग्लादेश से कोलकत्ता, मुम्बई होते हुए यहां आई थी। आरोप है कि फ्लैट पर पिछले 10 दिन से उसके साथ 2 लड़के जबरदस्ती दुष्कर्म कर रहे थे। गैंगरेप करने वाले दोनों लड़कों के नाम भी वह नहीं जानती। सास की मौजूदगी में रोजाना हो रही दरिंदगी से परेशान होकर पीड़िता यहां से भाग निकली। गत 10 अप्रैल को बस में बैठकर अजमेर जा पहुंची। अजमेर के क्लॉक टावर थाने में पीड़िता ने आपबीती सुनाते हुए मामला दर्ज करवाया। क्लॉक टावर थाना पुलिस ने जीरो नंबर काटकर मामला जयपुर के वैशाली नगर थाने में भेज दिया। वैशाली नगर थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गैंगरेप के मामले में सास को भी आरोपी बनाया गया है। पुलिस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## सार-समाचार

### डी.पी.टी.एल. का पोस्टर जारी



**उदयपुर,** (कासं)। खेरोदा थाना पुलिस ने चालक को बंधक बना कंटेनर में रखे ढाई करोड़ रूपये के मोबाईल लूट की वारदात करने वाले बदमाशों का पिछा कर लूटे गए मोबाईल मय ट्रक जब्त किया। प्रकरण के अनुसार खेरोदा थानाक्षैत्र मैनार गांव के समीप शुक्रवार रात में कंटेनर चालक कामसगंज युपी निवासी राजेश पुत्र राजेन्द्रसिंह को बंधक बनाकर बदमाश खाली ट्रक में ढाई करोड़ के मोबाईल भर कर लूट की वारदात कर फरार हो गए।

सूचना पर खेरोदा थानाधिकारी पवनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने लूट की सूचना मिलन पर नाकाबंदी कर करीब ढाई घंटे में देबारी घाटा माता रोड़ पर लावारिस हालत में खड़े ट्रक जिसमें ढाई करोड़ के मोबाईल रखे जब्त कर प्रकरण कर बदमाशों की तलाश शुरू की। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि चालक राजेश गत दिनों विभिन्न कंपनियों के करीब ढाई करोड़ रूपये के मोबाईल से भरा कंटेनर दिल्ली से लेकर मुम्बई जा रहा था। जहां बीच रास्ते में मैनार गाव के समीप पिछसे से खाली ट्रक लेकर आए बदमाशों ने कंटेनर को रोक चालक को धक्का देकर उसकी सीट पर बैठ कर कंटेनर आगे ले गए। आधा किलोमिटर दूरी पर पहुंच कर चालक को बंधक बना खेत में छोड़ कर कंटेनर में रखे मोबाईल खाली ट्रक में भर कर लेकर रवाना हो गए। इधर चालक राजेश समीप स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंचा। जहां मालिक को घटना की जानकारी दी।

# महिला नर्स की संदिग्ध हालत में मौत

- **पड़ौसी कंपाउण्डर पर हत्या के संदेह में केस दर्ज**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मथुरादास माथुर अस्पताल में कैंसर वार्ड में लगी महिला नर्स की रात को संदिग्ध हालात में उसके किराए के कमरे में मौत हो गई। पड़ौस में ही कंपाण्डर रहता है। जिसने फंदे से शव को नीचे उतारा। बाद में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंच पुलिस ने मौका मुआयना किया। मृतका कोटा की रहने वाली थी। आज सुबह परिजन कोटा से जोधपुर पहुंचे और कंपाउण्डर पर हत्या का संदेह जताते हुए केस दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया है। अठिाम अनुसंधान किया जा रहा है। जाहिरा शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले है।

शास्त्रीनगर थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि रात को सूचना मिली कि जी-283 में किराए के कमरे में रहने वाली महिला नर्स 32 साल की रेणु पुत्री राजकुमार प्रतिहार ने पंखे के हुक में चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली है। इस पर पुलिस के आलाधिकारी वहां पहुंचे। मौका मुआयना किए जाने के साथ फोटोग्राफी करवाई गई।

थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह के अनुसार मृतका रेणु मथुरदास माथुर अस्पताल में कैंसर वार्ड में नर्स लगी हुई थी। वह जिस मकान जी-283 में किराए पर रहती थी उसके पड़ौस में ही कंपाउण्डर रामकुमार भी रहता है। कमरें की चिटकनी बंद होने पर वह कमरे को खोला गया तो रेणु फंदे पर लटकी थी। बाद में रामकुमार ने फंदे से उतार दिया था और पुलिस को सूचना दी गई।

थानाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका तलाकसुदा होने के साथ यहां जोधपुर में तीन साल से नर्स के पद पर कार्यरत थी। हाल में एमडीएम अस्पताल में कैंसर वार्ड में लगी हुई थी। इधर रात को उसके परिजन को कोटा सूचना दी गई। वे आज सुबह जोधपुर पहुंचे और रेणु के पड़ौस में रहने वाले कंपाउण्डर रामकुमार के खिलाफ हत्या की आशंका में केस दर्ज करवाया है। पुलिस कम्पाउण्डर से पूछताछ में जुटी है।

थानाधिकारी जोगेंद्रसिंह ने बताया कि मृतका रेणु के शरीर पर जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले है। प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का ही लगा है। वैसे अग्रिम जांच की जा रही है। कमरे से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है।

मृतका के रेणु के पिता आरएसी में प्लाटून कमाण्डर है और कोटा में पदास्थापित है। आज सुबह परिजन समेत अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आरंभिक तौर पर संदेह जताया है कि मरने से पहले रेणु ने किसी इजेक्शन का डोज लिया होगा। मौके पर सीरिंज भी मिली है। यह डोज थी या नहीं इसका पता लगाया जा रहा है। मौत के कारणों का खुलासा भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही हो पाएगा।

# डोडा-पोस्त छिलका सहित दो गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। दूधवाखारा थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार में 120 किलो ग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यहां जिला पुलिस अधीक्षक चूरू राजेश कुमार मीना आई.पी.एस. ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर, रेंज बीकानेर के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन फलस आऊट के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू राजेन्द्र कुमार मीना आरपीएस व वृताधिकारी वृत चूरू राजेन्द्र बुरडक आरपीएस के निकट सुपरवीजन में थानाधिकारी दूधवाखारा अल्का विश्नोई उनि. मय जाप्ता ने दौराने नाकाबंदी एक वरना कार से मुलजिमान सरबजीत सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी न्यू विकास कॉलोनी, जैल रोड, नाभा, पुलिस थाना नाभा जिला पटियाला, पंजाब और कुलविन्द्र सिंह पुत्र भगत सिंह निवासी रोहटी छन्ना, पुलिस थाना नाभा जिला पटियाला, पंजाब के कब्जा से 120 किलोग्राम डोडा पोस्त छिलका जब्त किया। पुलिस ने दोनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना दूधवाखारा में मुकदमा दर्ज किया है। जब्तशुदा डोडा पोस्त छिलका की अनुमानित कीमत करीब 5 लाख रुपये है। प्रथम दृष्टया उक्त डोडा पोस्त छिलका मुलजिमान द्वारा किशनगढ़ से पंजाब ले जाया जाना ज्ञात हुआ है। थानाधिकारी जसवीर कुमार ने बताया की दोनों तस्करों को तीन दिन के रिमाण्ड पर लिया है।

# रमजान और बैसाखी पर्व के मौके पर अजमेर दरगाह में लंगर का वितरण

## गरीब नवाज की दरगाह में 500 साल पुरानी छोटी देग में आईजी, कलेक्टर व एसपी ने मिलाई चावल और शक्कर

**अजमेर,** (कासं)। रमजान मुबारक के पवित्र माह और बैसाखी के पवित्र उत्सव पर दरगाह में गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा दुबई की ओर से छोटे शाही देग लंगर भोजन तैयार करने और वितरण की पेशकश करके उत्सव का गवाह बना। इस मौके पर अजमेर रेंज के आईजी रुपिंदर सिंघ तथा जिला कलेक्टर अंशदीप व एसपी चूनाराम जाट ने अपने परिवार के साथ मिलकर गरीब नवाज की दरगाह में 500 साल पुरानी छोटी देग में चावल और शक्कर तथा ड्राई फ्रूट्स डालकर अपने हाथों से पकाया।

संयुक्त अरब अमीरात के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंधारी और चेयरपर्सन बबल्स कंधारी और चिश्ती फाउंडेशन की ग्लोबल इंटरफेथ पीस इनिशिएटिव्स के साथ हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने इस अवसर अजमेर जिला पुलिस महानिरीक्षक रूपिंदर सिंह और अजमेर जिला कलेक्टर अंशदीप सहित पुलिस विभाग और नगर प्रशासन दोनों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक क्षण है, जिसमें शाही देग लंगर खाना बनाने और बांटने में प्रशासन साथ रहा। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों का हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने खुद्दाम ए ख्वाजा समुदाय के


देग में पकाए जा रहे लंगर को में ड्राइफ्रूट्स डालते हुए आईजी , कलेक्टर, एसपी सहित दरगाह के प्रतिनिधि।

वरिष्ठ सदस्यों और सैयद मुन्नवर चिश्ती, सैयद तारिक चिश्ती, सैयद इमरान ख्वाजाघानी एसबी, सैयद अमन चिश्ती, सैयद महराज चिश्ती, सैयद अफशां चिश्ती सहित अंजुमन सैयद जदघन समिति के वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत और स्वागत किया। मौलाना आज़ाद फाउंडेशनए अजमेर इंटरफेथ काउंसिल के अध्यक्ष प्रकाश जैन और सभी धर्मों के वरिष्ठ परिषद सदस्यों के साथ दरगाह के मुख्य प्रवेश द्वार निज़ाम गेट शाही कव्वालों ने सूफी कलाम पेश किया, सम्मानित मेहमानों का स्वागत करते हुए प्रतिनिधिमंडल छोटे शाही देग में चावल, चीनी, सूखे मेवे, शुद्ध घी और अन्य समृद्ध सामग्री डालने के लिए प्रतिनिधियों ने 2000 किलोग्राम भोजन क्षमता वाले कड़ाही को चलाने में मदद की जो 15वीं शताब्दी में लगभग 500 साल पुरानी है।

**सांप्रदायिक एकता की मिसाल:-** छोटा शाही देग शाकाहारी लंगर अजमेर दरगाह शरीफ के साथ-साथ आस-पास के गांवों के पवित्र तीर्थस्थल पर जाने वाले भक्तों की सुविधा के लिए स्थापित किया गया था। शाही देग लंगर के आयोजन के पीछे का उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भावना की भावना को बढ़ावा देना और विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच एकता की भावना को बढ़ावा है। पुलिस महानिरीक्षक रूपिंदर सिंह और जिला कलेक्टर अंशदीप दोनों ने सराहना की सभी खुद्दाम ए ख्वाजा गरीब नवाज़ सामुदायिक प्रयासों और ग्लोबल इंटरफेथ डायलॉग और सेवा वर्क्स के हाजी सैयद सलमान चिश्ती द्वारा नेक पहल है।

दुबई में गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा साहिब दशकों से अंतर विश्वास सद्भाव और सामाजिक कल्याण गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। हाजी सैयद सलमान चिश्ती ने जिला पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ गुरुनानक दरबार गुरुद्वारा दुबई के सुरेंद्र सिंह कंधारी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# कांग्रेस के कोष पर गहलोत का दबदबा, इसलिये पायलट मुख्यमंत्री नहीं बन पाएंगे : अमित शाह

## केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रदेश कांग्रेस में राजनीतिक उथल-पुथल पर तंज कसते हुए कहा कि पायलट भले ही जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं, परन्तु उनको मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी कांग्रेस



भरतपुर में भाजपा के संभाग स्तरीय बूथ सम्मेलन में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ( बाएं से पहले ) राजस्थान की गहलोत सरकार पर जमकर बरसे।

- 'राजस्थान की सरकार 3 डी के आधार पर चलती है। पहला डी दंगे का डी, दूसरा डी महिलाओं के साथ दुव्यवहार का डी और तीसरा डी दलितों पर अत्याचार'
- केन्द्रीय गृह मंत्री ने गहलोत सरकार के कार्यकाल में महिला अत्याचार, दलित उत्पीडन, पेपर लीक में अव्वल होने का लगाया आरोप
- बूथ सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा, संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया ने भी सभा को सम्बोधित किया

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में भाजपा का संभाग स्तरीय बूथ सम्मेलन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में एमएसजे कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित हुआ। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच जारी टकराव पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, पायलट का नंबर कभी नहीं आएगा। भले ही वे जमीनी स्तर पर बहुत सक्रिय हैं, लेकिन कांग्रेस के खजाने में गहलोत की भागीदारी बड़ी है। गहलोत सरकार ने वंशवाद को बढ़ावा दिया है, जातिवाद को भड़काने का काम किया है।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि राजस्थान की सरकार 3 डी के आधार पर चलती है। पहला डी दंगे का डी, दूसरा डी महिलाओं के साथ दुव्यवहार का डी और तीसरा डी दलितों पर अत्याचार। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि राजस्थान की सरकार 3 डी सरकार है। राजस्थान के अंदर बेरोजगारी बढी है। उन्होंने कहा कि सचिन पायलट धरना दे रहे हैं। लेकिन अब पायलट का नम्बर नहीं आने वाला है। कार्यक्रम में केन्द्रीय अर्जुन मेघवाल, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र शेखावत, केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, सांसद भरतपुर रनजीता कोली, सांसद सवाईमाधोपुर सुखवीर जौनपुरिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, प्रदेष महामंत्री राजेन्द्र राठौड सहित भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा ने गदा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 51 किलो की फूलमाला पहना कर स्वागत सम्मान किया।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि आजादी के बाद आई हुई भ्रष्ट से भ्रष्ट सरकारों में एक सरकार गहलोत सरकार है। गहलोत सरकार के कार्यकाल में बडी संख्या में पेपर लीक हुए। इसके बावजूद गहलोत सरकार अभी भी सत्ता चाहती है क्या गहलोत सरकार सेंचुरी लगाना चाहती है। लेकिन राजस्थान की सरकार अब गहलोत सरकार को मौका नहीं देगी। अब कांग्रेस सरकार के जाने का समय निश्चित हो चुका है। गहलोत सरकार जनता के मन से उसी दिन निकल गई जब रामनवमी की शोभायात्रा पर रोक लगा दी गई। राजस्थान की जनता अब चुप नहीं रहने वाली है। राजस्थान की जनता अब त्राहि-त्राहि पुकार रही है। राजस्थान में क्राइम चरम पर है। सुनियोजित दंगे होते हैं, गहलोत सरकार वोट बैंक के लालच में कोई कड़े कदम नहीं उठाती।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2023 में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ राजस्थान में सरकार बनाएगी। है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी को लेकर कहा कि राहुल बाबा देशभर में पैदल चले। एक पत्रकार सम्मेलन में गया तो पत्रकार ने पूछा नतीजा क्या होगा। मैंने कहा- नॉर्थ-ईस्ट के तीन राज्यों में चुनाव हुए, कांग्रेस का सफाया हो गया। बूथ सम्मेलन में भाजपा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि गहलोत सरकार ने बहुत ऊंचाईयों को छुआ है। लेकिन जो विकास नापा है वो विकास का नहीं नापा है। उन्होंने महिला अत्याचार, दलित अत्याचार, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिक उन्माद में बहुत ऊंचाई को छुआ है। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार की सरकार चुनाव के बाद भी अल्पमत में थी और अब भी अल्पमत में है। गहलोत सरकार की पार्टी के विधायक उनके खिलाफ हैं। उनके मंत्री आए दिन उनके खिलाफ बयान देते हैं।

बूथ सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता भाजपा की ताकत हैं। बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत के चलते ही भाजपा इतनी बड़ी पार्टी बनी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले नौ साल में देश को विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। पिछले नौ साल में योजनाएं चला कर 13 करोड गरीब महिलाओं के लिए मोदी सरकार ने गैस सिलैंडर पहुंचाए। हर घर तक षिक्षा पहुंचाने का कार्य किया, तीन करोड से अधिक घरों में बिजली पहुंचाई। चार करोड से ज्यादा घर गरीबों से बनवाने के लिए शुरूआत की। कोरोना के 230 करोड टीके लगाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देष को सुरक्षित बनाया। उन्होंने विकास के बहुत कार्य किए हैं। कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया, आतंकवाद को समाप्त कर दिया। भारत की जनता की हर आकांक्षाओं की पूर्ति भाजपा पार्टी ने की है। चुनाव कहीं भी हो विजय भाजपा की हो रही है। वहीं दूसरी और राजस्थान में गहलोत और पायलट कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं।

# चलती गाड़ी में आग लगी, भाजपा के छह कार्यकर्ताओं ने कूदकर बचाई जान

## कार सवार भाजपा कार्यकर्ता बूथ सम्मेलन में शामिल होने के लिए जा रहे थे

**भरतपुर, (निसं)।** शनिवार को भाजपा के 6 कार्यकर्ताओं की जान उस वक्त बाल-बाल बची जब उनकी चलती गाड़ी में आग लग गई। बीजेपी के कार्यकर्ता अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कॉलेज ग्राउंड आ रहे थे। तभी शीशम तिराहे के पास कार्यकर्ताओं की चलती कार ने अचानक पकड़ ली और ड्राइवर ने कार को रोका और सभी कार्यकर्ताओं ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई।

कार्यकर्ताओं ने कार की आग को बुझाने की काफी कोशिश की गई, लेकिन आग इतनी तेज थी कि कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। वैर विधानसभा इलाके के भुसावर थाना इलाके के सिरस गांव के रहने वाले कार्यकर्ता भूपेंद्र सिंह ने बताया कि, अमित शाह की रैली में शामिल होने के लिए जा रहे थे, कार में 6 आदमी थे। अचानक चलती कार ने आग पकड़ ली, तभी ड्राइवर ने कार को रोका और सभी कार्यकर्ताओं ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। जिसके बाद आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। फायर बिग्रेट को फोन भी किया गया, लेकिन अभी तक फायर बिग्रेड नहीं आई।

दरअसल आज कॉलेज ग्राउंड में बीजेपी का बूथ विजय संकल्प कार्यक्रम है, जिसे केंद्रीय अमित शाह कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे। इस कार्यक्रम में संभाग के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वैर विधानसभा के भुसावर थाना इलाके में सिरस गांव के रहने वाले 6 कार्यकर्ता ईको कार से कॉलेज ग्राउंड आ रहे थे। तभी शीशम तिराहे पर अचानक चलती कार में आग लग गई।

# फूड पॉइजनिंग से 3 लोगों की मौत

**हनुमानगढ़, (निसं)।** फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। खेत में गेहूं की कटाई करने के बाद इन लोगों ने दोपहर में एक साथ खाना खाया था। उल्टी-दस्त शुरू हुई तो हॉस्पिटल ले जाया गया। इलाज के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। मामला हनुमानगढ़ का है। थाना प्रभारी विजय मीणा ने बताया कि पीलीबंगा गांव के रहने वाले कृष्णलाल अपने भतीजों अमित कुमार और हर्षित के साथ गेहूं काट रहे थे। यहां दोपहर को खाना खाने के बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई और उल्टी-दस्त शुरू हो गए। तीनों को गांव में दवाई दिलवाई गई, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ। देर शाम तीनों को हनुमानगढ़ स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने हर्षित को मृत घोषित कर दिया।

# रॉयल्टी कर्मियों की मारपीट में घायल युवक की मौत

**बूंदी, (निसं)।** हिंडोली थाना क्षेत्र में रॉयल्टी कर्मचारियों की मारपीट में घायल युवक ने 28 दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। युवक की मौत बाद बीती रात से आक्रोशित परिजन ग्रामीण हिंडोली थाने के बाहर शव को रख प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों की मांग है कि मृतक की पत्नी को नौकरी और परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाए। आरोपियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही हो।

ग्रामीणों का कहना है की हिंडोली पुलिस और बजरी रॉयल्टी ठेकेदार की साठगांठ होने के कारण रॉयल्टी कर्मचारी बहुत दादागिरी और सभी से अभद्र भाषा का प्रयोग करते है। भाजपा नेता ओम धगाल के नेतृत्व में आज ग्रामीणों ने थाने के बाहर शव रखकर अनशन जारी रखा। ओम धगाल ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाती



आक्रोशित परिजनों ने मुआवजे की मांग मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। बड़ानयागांव निवासी 38 वर्षीय बजरी चालक हरिसिंह पुत्र नत्थासिंह 16 मार्च को घरेलू काम के लिए जहाजपुर से बजरी भरकर ला रहा था। इस दौरान रॉयल्टी कर्मचारियों ने उसको रोक कर बजरी के रुपए मांगे। रुपए नहीं देने पर 10-12 रॉयल्टी कर्मचारियों ने हथियारों और सरियों से उस पर हमला कर दिया और ट्रैक्टर का पहिया उसके पैर पर चढ़ा दिया। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसको पहले कोटा और जयपुर रेफर कर दिया था। हमले के 28 दिन बाद शुक्रवार को उसने जयपुर अस्पताल में दम तोड़ दिया।

हिंडोली पुलिस ने जयपुर अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया। दोपहर को तहसीलदार असगर अली, पुलिस अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि 18 मार्च को हरि सिंह के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी, जिसमें रॉयल्टी ठेकेदार के 10-12 कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया था। अब उसकी मौत होने पर मामले में धारा 302 जोड़कर कार्रवाई की जाएगी।

# तस्करों व पुलिस में मुठभेड़, तस्कर के पैर में लगी गोली

**बालोतरा, (निसं)।** बालोतरा के निकट सिवाना में पुलिस और तस्करों के बीच फायरिंग का मामला सामने आया है। इस दौरान सिवाना पुलिस ने डोडा-पोस्त से भरी तीन स्कॉर्पियों पकडी हैं, जो तस्कर छोड़कर पहाड़ों की तरफ भाग गए। तस्कर और पुलिस के बीच फायरिंग भी हुई। एक तस्कर के पैर में गोली लगी है। घायल तस्कर को सिवाना हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

घटना रमणिया रोड की है। बाडमेर एसपी दिगंत आनंद, बालोतरा डीएसपी निरज शर्मा सिवाना पहुंचे हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डोडा पोस्त से भरी तीन स्कॉर्पियों गाडी रमणीया गांव आ रही है। पुलिस ने सुबह करीब 4 बजे रमणिया-पादरू रोड पर नाकाबंदी की। तस्कर नाकाबंदी तोड़कर अंधाधुंध फायरिंग कर भागने लगने। पुलिस ने पीछा कर गाड़ियों के टायर फोड़े। 6 तस्कर तीनों स्कॉर्पियों छोड़कर पहाडों की तरफ भाग गए, पुलिस ने पीछा किया। तस्करों ने पुलिस पर दोबारा फायरिंग शुरू कर दी। इस पुलिस ने जवाबी फायरिंग कर दी। इसमें एक तस्कर के पैर पर गोली लगी। तस्कर जोगाराम घायल हो गया। पुलिस ने तस्कर जोगाराम और सदर थाना के तस्कर खीयाराम को हिरासत में लिया है।

पुलिस व तस्करों की मुठभेड में घायल तस्कर जोगाराम को सिवाना हॉस्पिटल लाया बालोतरा से जोधपुर रेफर इलाज चल रहा है। वहीं, तस्करों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल भी बरामद की है। वहीं, पुलिस पकडे तस्करों से पूछताछ कर रही है। सिवाना हॉस्पिटल के बाहर बडी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात है। जानकारी के मुताबिक पुलिस तीन स्कॉर्पियों को जब्त किया है। इसमें पुलिस ने दो स्कॉर्पियों को हाइड्रा मशीन से उठाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पर लाद कर मोकलसर चौकी पहुंचाया।

पुलिस ने अब तक कुल तीन स्कार्पियों गाड़ी को जब्त कर लिया है। पुलिस व तस्करों के बीच मुठभेड मामले में सिवाना पुलिस ने छह आरोपियों को दस्तयाब किया। जिनसे बालोतरा डीएसपी नीरज शर्मा पूछताछ कर रहे है। वहीं आरोपियों के पास से चार लोडेड पिस्टल पर जब्त की गई।

# हादसे में पति-पत्नी की मौत

**मनोहरपुर, (निस)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 दिल्ली से जयपुर की ओर मनोहरपुर माधोवेणी नदी पर बनी पुलिया पर दोपहर करीब 2:30 बजे एक ट्रेलर चालक बेकाबू हो गया और शाहपुरा से खरीदारी कर घर लौट रहे बाइक सवार भानपुर कला निवासी योगेश मीणा पुत्र शंकर लाल मीणा उम्र 27 वर्ष व उसकी पत्नी सोनिया मीणा उम्र 25 वर्ष के टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही बाइक सवार योगेश मीणा व उसकी पत्नी सोनिया मीणा की मौत हो गई। जिनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए निम्स में मनोहरपुर थाना पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए भिजवा दिया।

बेकाबू ट्रेलर ने बाइक के टक्कर मारने के बाद एक प्राइवेट बस के भी टक्कर मार दी। लेकिन बस चालक संभल गया। वहीं ट्रेलर चालक ने कुछ दूरी पर आगे जाकर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे से आ रही एक कार ट्रेलर में जा घुसी। ट्रेलर में जैसे ही कार घुसी तो कार के पीछे से आ रहे ट्रक ने कार के टक्कर मार दी। इस पर कार में सवार तीन लोगों के मामूली चोटें आई। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# अवैध बजरी के डंपर छुड़वाने व पुलिस पर हमले के आरोपी विधायक के दो खास गुर्गे गिरफ्तार

## अवैध बजरी का करते थे कारोबार, पूछताछ हो तो सत्ता व बजरी के खेल का हो सकता है खुलासा

- पुलिस पर हमला कर मारने का प्रयास कर फरार हुए सभी आरोपी बामनवास विधानसभा क्षेत्र के बोली उपखंड के रहने वाले हैं

**बामनवास, (निसं)।** सवाई माधोपुर कोतवाली थाना पुलिस द्वारा बामनवास विधायक इंदिरा मीणा के दो खासम खास गुर्गों सहित तीन आरोपीयों को अवैध बजरी के भरे डंपर को जबरदस्ती छुड़वाने एवं इस दौरान पुलिस पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

अवैध बजरी से भरे डंपर को छुड़वाने के लिए पुलिस पर हमला कर मारने का प्रयास कर फरार हुए सभी आरोपी बामनवास विधानसभा क्षेत्र के बोली उपखंड के रहने वाले हैं। बामनवास विधायक इंदिरा मीणा के खास होने के कारण क्षेत्र में अवैध बजरी के कारोबार में इनका दखल पूरा था। अवैध बजरी के डंपर को छुड़वाने के लिए पुलिस पर हमला कर मारने के प्रयास करने वाला एक आरोपी बत्ती लाल गुर्जर बोली ब्लॉक कांग्रेश का कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुका है। वही दूसरा आरोपी अफजल कांठोस के जिला परिषद सदस्य का पति है। यह सभी आरोपी जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध बजरी खनन परिवहन रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान चौथ का बरवाड़ा वह बोली थाना द्वारा ग्राम डेकवा के पास दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर एक अवैध बजरी से भरे हुए डंपर को जप्त कर किया था। जहां इन आरोपियों द्वारा बजरी के डंपर को छुड़वाने का प्रयास करने के साथ पुलिस जाब्ते को मारने का प्रयास किया गया।

इसके बाद यह आरोपी पुलिस दबिश को देखकर खुद के थात र बोलेरो वाहन से फरार हो गए। जहां पुलिस द्वारा इनका पीछा करते हुए टोंक जिले की निवाई पुलिस थाने की मदद से निवाई थाना क्षेत्र में ही दस्तयाब कर लिया गया। वहीं अवैध बजरी को लेकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के आरोपी बत्ती लाल गुर्जर पुत्र लल्लू राम एवं ओम प्रकाश गुर्जर पुत्र मोहन लाल निवासी हथडोली व अफजल पुत्र अब्दुल मजीद निवासी बोली को गिरफ्तार कर लिया गया।

वहीं पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद लोगों द्वारा पुलिस की पीठ थपथपाते हुए कहा गया है कि जिला पुलिस द्वारा पहली बार सत्ता से गठजोड़ रखने वाले विधायक के खास गुर्गों को अवैध बजरी के अवैध व्यवसाय की संलिप्तता एवं पुलिस पर किए गए हमले के आरोप में में पकड़ा है। यह पहला मामला नहीं है जब विधायक से नजदीकी रखने वाले आरोपी बने हो इससे पहले भी पेपर लीक प्रकरण में भी विधायक से नजदीकी रखने वाले आरोपी रह चुके है।

लोगों द्वारा मांग करते हुए कहा गया कि इन से कड़ी पूछताछ की जाए तो इस अवैध बजरी के खेल में माननीय सत्ता से जुड़े नुमाइंदों की भी पोल खुलेगी। वही लोगों द्वारा जिला पुलिस की सप्ताह से सांठगांठ रखने वाले बजरी माफियाओ पर इस बड़ी एवं पहली बेहतर कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम को राज्य स्तर पर सम्मानित करने की मांग की गई है। साथ ही लोगों द्वारा कहा गया है कि इस पुलिस टीम को इस तरह की मजबूत कार्रवाई के लिए सार्वजनिक अभिनंदन भी किया जाएगा।

## संक्षिप्त

### शोभायात्रा के लिए जनसंपर्क किया

**श्रीमाधोपुर, (निस)।** विप्र समाज श्रीमाधोपुर की ओर से आगामी 22 अप्रेल अक्षय तृतीया के दिन भगवान् श्रीपरशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों के संदर्भ में गांव ढाणियों में ब्राह्मण समुदाय की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। जन्मोत्सव समिति के प्रवक्ता राजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने बताया कि इसी श्रृंखला में शुक्रवार देर शाम को श्रीमाधोपुर क्षेत्र के रानीपुरा, कांसरडा, खेड़ी, जाजोद, जानकीपुरा आदि गांवों में जनसंपर्क किया गया। इन गांवों के विप्र बन्धुओं ने अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने का संकल्प व्यक्त किया। बैठक में इन गांवों के विप्र बन्धुओं को जयपुर में ब्राह्मण महापंचायत के सफल आयोजन में इनकी सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया गया।

### पुलिसकर्मियों का सम्मान किया

**मालपुरा** (निस)राजस्थान पुलिस दिवस पर अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक कार्यालय मे सेवानिवृत पुलिसकर्मियो का किया गया सम्मान। एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने बताया कि 16 अप्रेल को राजस्थान पुलिस दिवस पर जिला पुलिस अधिक्षक के आदेशानुसार कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी श्रंखला मे एएसपी कार्यालय मालपुरा मे सेवानिवृत पुलिसकर्मी राम नारायण शर्मा, बद्री लाल धाकड सहित सेवानिवृत पुलिसकर्मियो को राजस्थानी पगडी पहना सम्मान किया गया। दौरान डीवाईएसपी सुशील मान ने भी पुलिस दिवस की बधाई दी।

### हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**निवाई ।** स्थानीय थाना पुलिस ने दतवास थाने के हिस्ट्रीशीटर एवं तीन हजार के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी छोटेलाल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध शाखा जयपुर द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा द्वारा प्राप्त निर्देशों की पालना में वांछित अपराधियों की धरपकड के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भवानीसिंह राठौड व डीवाईएसपी संदीप सांरस्वत के पर्यवेक्षण में थानाधिकारी छोटेलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्यवाही करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी शाहिद उर्फ टेबलेट पुत्र कमरूद्दीन निवासी दतवास को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थाई वारंटी शाहिद उर्फ टेबलेट पुत्रः कमरूद्दीन मुसलमान उम्र 40 वर्ष पुलिस थाना दतवास का हिस्ट्रीशीटर है।

# मालपुरा को जिला बनाओ आंदोलन 28वें दिन भी जारी रहा

- जांगिड व बागरिया समाज सहित आधा दर्जन संगठनों ने निकाला पैदल मार्च
- गैर राजनैतिक मंच पर सभी राजनैतिक दलों को नेता व समर्थक सहित सर्व समाज के लोग एक मंच पर आकर मालपुरा को जिला बनाने की मांग कर रहे है।



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर 28वें दिन भी जारी रहा आंदोलन ।

**मालपुरा, (निस)।** प्रदेश मे मुख्यमंत्री द्वारा 19 नये जिलो की घोषणा में मालपुरा को वंचित रखे जाने बाद से ही शुरू हुआ जनआंदोलन शनिवार को 28वें दिन भी जारी रहा। गैर राजनैतिक मंच जिला बनाओ कोर कमेटी के नेतृत्व में चल रहै जनआंदोलन व धरना प्रदर्शन को 28 दिन पूर्ण होने के बावजूद राज्य सरकार व नवीन जिलो के गठन के लिए बनाई गई रामलुभाया कमेटी द्वारा आंदोलन को लेकर मालपुरा को जिला बनाये जाने की दिशा मे सार्थक पहल नही किये जाने के चलते क्षेत्रवासियों में अपने हक को पाने व स्वाभिमान को बचाने को लेकर सरकार के प्रति आक्रोश बढता जा रहा है। गैर राजनैतिक मंच पर सभी राजनैतिक दलों को नेता व समर्थक सहित सर्व समाज के लोग एक मंच पर आकर मालपुरा को जिला बनाने की मांग कर रहे है। शनिवार को जांगिड ब्राह्मण समाज,बागरिया समाज अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन सहित आधा दर्जन संगठनो द्वारा पैदल मार्च निकाल मुख्यमंत्री व रामलुभाया कमेटी के नाम ज्ञापन सौंप व्यास सर्किल पर बने धरना स्थल पर धरना दिया। जनआंदोलन को जारी रखने व राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए आंदोलन को उग्र करने की रणनीति तय करने को लेकर कोर कमेटी के बैनर तले रविवार को मालपुरा मे होने वाली महापंचायत व पंचायत के महापडाव को लेकर कोर कमेटी के सदस्यो ने वर्तमान व पूर्व जनप्रतिनिधियो के साथ अलग-अलग टोलियां बना मालपुरा व टोडारायसिंह शहर सहित दो दर्जन से अधिक गांव-ढाणियो मे डोर टू डोर जनसम्पर्क कर महापंचायत मे अधिक से अधिक पहुंचने का आ ान किया। महापंचायत के दौरान शांति व कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन भी पूर्ण अलर्ट मोड पर है। प्रशासन ने सभी तैयारियां को अन्तिम रूप दिया। जनप्रतिनिधियो व सर्व समाज के अध्यक्षो द्वारा सोशल मिडिया पर महापंचायत मे पहुंचने की अपील जारी करने की होड सी मची रही।

## 4 वर्षो से फरार महिला अपराधी गिरफ्तार

**कोटपूतली** (निस)। क्षेत्र की सरूण्ड थाना पुलिस ने एक प्रकरण में गत 4 वर्षो से फरार चल रही महिला अपराधी रूबी उर्फ रूबीना खान को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने सरूण्ड थाने में 6 मार्च 2019 को उपस्थित होकर दर्ज करवाया था कि उसकी 17 वर्षिय पुत्री को 28 फरवरी 2019 को रूबी खान व देवेन्द्र नामक एक लड़का सफेद गाड़ी में बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गये। जिसके बाद वह 3 मार्च 2019 को घर लौट कर रोने लगी। रिपोर्ट में बताया कि परिवादियां की पुत्री ने रोते हुए उसे बताया कि पीड़िता को रूबी उर्फ रूबीना खान व लड़कों ने ब्लैकमेल कर अपने पास कोटपूतली में बंद रखा। साथ ही जबरन शारीरिक सम्बंध बनाते हुए पवन, देवेन्द्र व अन्य 5-6 लड़कों ने बलात्कार किया। इस पर पुलिस ने सम्बंधित धाराओं सहित पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले में पुलिस ने आरोपित पवन पुत्र दाताराम गुर्जर निवासी रावतों की ढाणी, सुन्दरपुरा व भूपेन्द्र कुमार उर्फ पवन लहरी उर्फ छोट्या एवं देवेन्द्र दोनों पुत्र हरिराम गुर्जर निवासी ग्राम सुन्दरपुरा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन आरोपित रूबी उर्फ रूबीना खान घटना के बाद से ही फरार चल रही थी।

## जन्म दिन पर सैकड़ों समर्थकों ने दिखाई डीगवाल की ताकत

**अलवर, (निस)।** अलवर ग्रामीण आरक्षित सीट से भाजपा के प्रबल दावेदार ठेकेदार मूल चंद डीगवाल ने शनिवार को अपना जन्म दिन उद्योग नगर स्थित अपने कार्यालय पर मनाया। जहां सैकडों की संख्या में उनके समर्थक मौजूद रहे । इस अवसर पर 151 मीटर का साफा आकृर्षण का केन्द्र रहा इस अवसर पर ब्लड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसमें 150 युनिट ब्लड डोनेट हुआ । हजारों समर्थकों की भीड एकत्रित होना एक तरह से मूल चंद डीगवाल का शक्ति परीक्षण ही माना जा रहा है इससे पूर्व भी डीगवाल शुक्रवार को अम्बेडकर जयंती पर अपना शक्ति प्रदर्शन कर चुके है समाज के हर कार्यक्रम में उन्हें मुख्य अतिथि बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

शनिवार को सुबह नो बजे से ही उधोग नगर के स्थित डीगवाल के कार्यालय पर लोगों की भीड जुटना प्रारम्भ होगई जो 12 बजे तक सैकडो की संख्या में पहुंच गई इसके बाद डीगवाल के समर्थकों ने उनका स्वागत करना शुरू की यह स्वागत समारोह करीब ढाई घंटे तक चला सैकडों की संख्या में साफे और गुलदस्तो को रखने को स्थान नही मिला वहीं उधोग नगर ठेकेदार संघ की और से 151 मीटर लम्बा साफा आकृर्षण का केन्द्र रहा । इस साफे को करीब तीन सौ आदमियों ने खोलकर पकडा तब जाकर इसे बांधा गया इस अवसर पर कनिष्का फाउडेशन के तत्वाधान में एक ब्लड डोनेशन कैम्प का भी आयोजन किया गया जहां ब्लड डोनेटरों की भीड लग गई यहां चंद घण्टों में 150 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

यह पहली बार देखने को मिला जब कोई नेता चुनाव मैदान में पहली बार उतरने की तैयारी कर रहा हो और उसके समर्थकों को में अभी से भारी उत्साह है जबकि यहां कोई भी भाजपा का बडा नेता मौजूद नही था जिससे कहा जा सके की भीड का कारण बडा नेता हो यह सब डीगवाल द्वारा पिछले कई सालों की गई मेहनत का नतीजा है जो अब उभर कर सामने आया है। इस मौके पर डीगवाल ने बताया कि मेरा मकसद विधान सभा क्षेत्र का विकास कराना है मेने क्षेत्र का दौरा कर लोगों से समस्या सुनी तो उन्होंने कांठोस सरकार पर विकास की अनदेखी का आरोप लगाया तब मेने उनसे कहा कि भाजपा की सरकार आते ही उनकी समस्या समाप्त हो जाएगी तो उन्होंने कहा कि आप ही चुनाव लडों और मैं इस बार चुनाव मैदान में आ गया हूं मैं अकेला चला लेकिन नेक नियति के चलते कारवा बढता गया अब अगर चुनाव में पार्टी मुझे टिकट देगी तो मैं ग्रामीण विधानसभा सीट कांग्रेस के चंगुल से निकाल लूगां।

## पानी को लेकर विधायक ने बुलाई बैठक


विधायक दीपचंद खैरिया ने किशनगढ़ बास एसडीएम कार्यालय में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

**किशनगढ़ बास, (निस)।** उपखंड कार्यालय में विधायक दीप चंद खेरिया ने शहर में पेयजल व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पानी और बिजली विघुत विभाग के अधिकारियों की बैठक ली है विधायक ने बैठक में किशनगढ़ बास में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर एसडीएम के सामने अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सीएम से शिकायत करेंगे।

उपखंड कार्यालय में पानी बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे विधायक ने अफसरों को कहा किशनगढ़ बास में पानी की किल्लत हो रही है। लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोग परेशान होकर घर और ऑफिस तक शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। पानी आ रहा है तो बिजली नहीं आ रही है। बिजली आ रही है तो पानी नहीं आ रहा है। आपस में सामंजस बैठाकर पानी की सप्लाई को सुचारू रखने की हिदायत देते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत करने की चेतावनी दी है। विधायक ने पिछले दिनों हुए शहर में दो नए बोरिंग अभी तक शुरू नहीं कराए जाने पर नाराजगी जाहिर की और कारण पूछा तो बताया कि अभी विद्युत कनेक्शन नहीं हुआ हैं।अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया है कि मंगलवार तक विद्युत कनेक्शन करा कर बोरिंग को पेयजल लाइन से जोड़ दिए जाएंगे। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी दी और कहा है लापरवाही कतेही बर्दाश्त नहीं करूंगा। एसडीएम गंगाधर मीणा ने विधायक की नाराजगी को गंभीरता से लिया और पेयजल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वयं अधिकारी फील्ड में रहकर पेयजल सप्लाई की मॉनिटरिंग करें साथ ही एसडीएम ने विधायक को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इसकी मॉनिटरिंग कर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। बैठक के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप पाटिल, अधिशासी अभियंता दिव्यांग त्यागी सहायक अभियंता सीताराम, कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार सैनी, सहायक अभियंता प्रदीप शर्मा, खैरथल सहायक अभियंता दीक्षा गोयल, ताराचंद वर्मा विद्युत विभाग सहायक अभियंता दिनेश भडाणा, कनिष्ठ अभियंता विशाल चौधरी नायब तहसीलदार वीरेंद्र कुमार रामकिशन आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### रोजा इफ्तार का आयोजन




**टोंक , (निस) ।** ईदुलफितर के अवसर पर माहे रमजान में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन निर्वतमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी गाता के सानिध्य में किया गया। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में अनेकों रोजदारों सहित पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबिलास चौधरी, सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान, राजेन्द्र गोयल, मणीकांत गर्ग, सै. मेहमूद शाह, राजीव बंसल, सुनील बंसल, सलीमुद्दीन खान, मोहन मीणा, जावेद चिश्ती, पार्षद विकास लोदी, कैलाशी मीणा, शोकत अली, धर्मेन्द्र सालोदिया, फिरोज भाई, अख्तर अली, जसराम मीणा, जिला प्रवक्ता जर्रार खान, बीसूका सदस्य नईमुद्दीन अपोलो, पार्षद युसूफ इंजीनियर, हंसराज गाता, अजीज कुरेशी, अब्दुल कवि खान, तुलसीराम मीणा, श्रीराम चौधरी, सुभाष मिश्रा, इरशाद बेग, मुराद गांधी, रामलाल सेलीवाल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर रोजदारों ने देश व प्रदेश में खुशहाली एवं अमन-चैन की दुआ मांगी गई।

### युवक ने बंदूक से स्वयं के गोली मारी

**मालपुरा** (निस) रिण्डलिया ग्राम पंचायत क्षेत्र के पीमुण के पास मोग्या ढाणी निवासी एक युवक ने पारिवारिक गृह कलेश के चलते खेत मे एक नाली बंदूक से स्वंय को गोली लगा ली। गंभीर घायल युवक को मालपुरा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। सूचना पर मालपुरा थाने के हैडकांस्टेबल तेजुमल ने अस्पताल पहुंच गंभीर घायल युवक प्रभु पुत्र हुकमा मोग्या के परिजनों से की पूछताछ मे सामने आया कि घायल युवक प्रभु मोग्या के तीन पत्नियां है। सवाईमाधोपुर निवासी एक पत्नी लम्बे समय से पीहर रह रही थी। एक सप्ताह पूर्व ही प्रभु उसे लेकर आया था। जिसके आने के बाद एक पत्नी अपने पीहर चली गई। शेष दो पत्नियां उसी के पास रह रही थी। परिवार मे गृह कलेश चल रहा था। शनिवार की दोपहर डेरे के पास खेत में प्रभु ने एक नाली बंदुक से स्वंय को कंधे पर गोली लगा ली। बंदुक के धमाके की आवाज व बच्चों के चिल्लाने का शोर सुन पास के खेतों में काम कर रहै परिजन दौडकर घटना स्थल पहुंचे। जहां गंभीर घायल प्रभु जमीन पर अचेत मिला। जिसे तत्काल मालपुरा अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। गोली से गंभीर घायल की हालत चिन्ताजनक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया। पुलिस ने परिजनो के साथ घटना स्थल पहुंच मौके से उपयोग मे ली गई एक नाली बंदुक को जप्त कर मौके से साक्ष्य जुटा अनुसंधान शुरू किया। युवक द्वारा स्वंय गोली लगाने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तो बडी संख्या में भीड अस्पताल में जमा हो गई। फिलहाल पुलिस युवक की दोनो पत्नियों व परिजनों से पूछताछ कर रही है।

### दुकान से दो लाख रू. के मोबाइल चोरी

**टोंक, (निस)।** पुरानी टोंक थाना क्षेत्र अन्तर्गत बस स्टेण्ड के पास शुक्रवार देर रात एक मोबाइल शॉप की दुकान में घुसे बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम देकर करीब दो लाख के महंगे मोबाइल चुरा ले गए, सुबह पास ही के दुकानदार ने जब दुकान का शटर टूटा देखा तो मोबाइल शॉप के मालिक राहुल मीना निवासी बसन्त विहार कॉलोनी को सूचना दी। जिसके बाद दुकानदार बस स्टैंड स्थित चौकी के पुलिसकर्मियों को साथ लेकर दुकान पर पहुंचा, जहां दुकान के शटर खुलवाकर जांच की तो कई महगें मोबाइल दुकान से गायब थे। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जहा फुटेज खंगालने पर रात को 1.45 बजे के करीब अज्ञात युवक मोबाइल की टार्च जलाकर दुकान से मोबाइल चुराता हुआ दिख रहा है। इस दौरान दुकान के बाहर से कुछ अन्य लोगो की आवाज भी आ रही थही जिससे प्रतित होता है कि एक-दो आरोपी दुकान के बाहर खडे होकर रेकी कर रहे थे। बालाजी मोबाईल सेन्टर के मालिक ने बताया कि दुकान का शटर का ताला तौडने के बजाये सरिये से शटर उचा करके चोर अन्दर घुसा तथा करीब डेढ लाख रुपए के 8 से 10० महेंगे मोबाइल्स के अलावा 30-40० हजार रूपये की ऐसेसिरिज भी चोरी कर ले गया। पुलिस ने मौके से एफएसएल टीम की मदद से साक्ष्य एंव फुटेज के आधार पर चोर की तलाश शुरू की है। दुकान के ही पास रहने वाले भाजयुमो के प्रदेश मंत्री चंद्रवीर चौहान ने इस मामले में पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाते हुये आरोपियों को जल्द पकडने की मांग की है।

### ध्यान शिविर शुरू

**सांभरझील, (निस) ।** कस्बे के रावण टीबा स्थित सर्किट हाउस के पास साल्ट कार्यालय पर तीन दिवसीय निशुल्क योग एवं ध्यान शिविर हार्टफुलनेस संस्थान और संस्कृति मंत्रालय(भारत सरकार) के द्वारा हिंदुस्तान सांभर साल्ट लिमिटेड के सहयोग से शुरू हुआ। शुभारंभ शनिवार को योगी रमणनाथ महाराज द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रथम दिन आर्य समाज के द्वारका प्रसाद सोनी द्वारा योगाभ्यास करवाया गया। नावां जीएम कमांडर सतीश दशरथ चांडेकर, व तरुण तोषनीवाल द्वारा ध्यान का अभ्यास कराया गया। साथ ही मुद्रा लगाने के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में योग एवं ध्यान क्रिया के माध्यम से शरीर में होने वाले रोगों को रोकने के लिए अनेक प्रकार के योग व ध्यान ,क्रिया, प्राणायाम, मुद्रा, योगिक प्रणाहूति पर आधारित ध्यान का निशुल्क परिजन दिया गया। इस अवसर पर जीएम कर्नल रक्षपाल सिंह खंगारोत, एडीजे बृजेश कुमार, डॉ. माणक चंद कयाल, वेद गोविंद नारायण शर्मा, टीकम चंद सैनी, चंद्रशेखर शर्मा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### छात्रा मोनू कुमारी सम्मानित

**श्रीमाधोपुर, (निस) ।** ग्राम पंचायत जाजोद की राउमावि जाजोद में कक्षा 10 वीं की छात्रा मोनू कुमारी जितरवाल का सम्मान किया गया।प्रधानाचार्या सुमन तोबाड़िया ने बताया कि अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सत्र 2022-23 में ब्लॉक खंडेला में अपने वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया। मोनू कुमारी को बाल साहित्य की पुस्तकों का सैट और 100 रु नगद पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को भी प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विष्णु कुमार जोशी, बलबीर कुमार, मुरारी लाल, गजानंद मूंड, जितेंद्र कुमार, महेंद्र पालीवाल, गिरधारी लाल देवंदा, फूल चंद कुडी, चंपा कुमारी, गुड्डी मीणा, अनिता कुमारी, घासीराम वर्मा, महेंद्र खोखर आदि स्टाफ मौजूद था।

### मेला 18 अप्रेल को

**नारायणपुर, (निसं)।** क़स्बा स्थित कानूनगो वाले हनुमान जी महाराज का मेला 18 अप्रैल को बड़े हर्षोल्लास के आयोजित किया जायेंगा । मेले के दौरान दोपहर 12 बजे से भण्डारे का आयोजन किया जायेगा और शाम 4 बजे से दिल्ली, यूपी, हरियाणा के प्रसिद्ध पहलवानों के द्वारा कुश्ती के दांवपेच दिखाए जायेंगे । जिसमे कामड़े की कुश्ती 51 सौ रूपये की होगीं । रात्रि 9 बजे से हरियाणा कम्पीटीशन रागनी का कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगा । जिसमे हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार नरदेव बेनीवाल, मन्नू चौधरी, सजना चौधरी, पायल चौधरी, पवन प्रेमी, उमाशंकर जोशी, संध्या चौधरी, अजित बैसला आदि कलाकारों द्वारा सम्पूर्ण रात्रि रंगारंग प्रोग्राम प्रस्तुत किये जायेंगे । किशनगढ़ बास में बिगड़ी पेयजल व्यवस्था को लेकर अफसरों पर नाराज हुए ।

### रोजा अफ्तार कार्यक्रम सम्पन

**मनोहरपुर, (निस)।** मोहल्ला तोपचीवाड़ा में स्तिथ आयशा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के द्वारा रोजा अफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । मोहसीन खान ने बताया कि इस अवसर कांठोसी नेता मनीष यादव, हाजी मुबारीक ख़ां, हाजी महमुद ख़ां, हाजी गफ्फार ख़ां, हाजी शब्बीर ख़ां, फारुख ख़ाँ,फजरु ख़ां, मोहसिन खान सत्तार खान, आरिफ खान, सईद खान, ख़लील खान, यूनुस खान, परवेज़ खान, शाहिद खान, मोईन खान, साजिद खान, शोयब खान, हारून खान, शाहरुख़ खान, ज़ाकिर खान, साजिद खान, अतीक खान ताहिर खान रिज़वान खान, जावेद खान, अजलान खान, अरसलान खान, नबिल खान, आदी मौजूद थे ।

## तृतीय पुण्यतिथि पर सौ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

**खैरथल , (निस)।** प्रमुख समाज कल्याणी मुखी हीरानंद रोघा की तृतीय पुण्यतिथि पर एक सौ वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

नगरपालिका,ग्राम सेवा सहकारी समिति, खैरथल क्रय-विक्रय सहकारी समिति के चेयरमैन रहने सहित सिन्धी समाज के जीवन पर्यन्त मुखी रहे हीरानंद रोघा परोपकार की भावना के कारण सभी समाजों में लोकप्रिय रहे।

उनकी तृतीय पुण्यतिथि पर गुरु ध्यानगिरी सेवा समिति (रजि.) के द्वारा झूलेलाल मंदिर परिसर में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में झूलेलाल मंदिर के महंत शीतलदास लालवानी, इस्माइलपुर दरबार के संत शिरोमणि कल्याण सांई, प्रेमप्रकाश आश्रम के स्थानीय संत हरी सांई, पूज्य सिन्धी पंचायत खैरथल के अध्यक्ष मुखी मनोहर लाल रोघा, कार्यवाहक मुखी टीकम दास मूरजानी, खैरथल टाऊन के मुखी दिनेश रामेजा, वरिष्ठ समाजसेवी गोबिंद चचलानी, स्वामी लीलाशाह धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष वासदेव दासवानी और नगरपालिका के चेयरमैन हरीश रोघा मंचासीनअतिथि रहे।

संत शिरोमणि कल्याण सांई द्वारा सत्संग एवं प्रवचन देते हुए जीवन में माता पिता की महिमा का गुणगान किया।भगत चतुर ज्ञानवानी व दीपक लखवानी द्वारा भक्तिगीत की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर एसपी गोबिंद राम मंगलानी वह वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद मंगलानी ने हीरानंद रोघा के संस्मरणों पर प्रकाश डालते हुए खैरथल के विकास एवं समाज के उत्थान में उनकी अहम भूमिका की विस्तृत जानकारी दी।

## बैठक सम्पन्न

**मनोहरपुर, (निस) ।** राजस्थान बिजली वर्कर्स फैडरेशन (एटक) की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके प्रति सम्मान व्यक्त कर भारत के निर्माण मे उनके महत्वपूर्ण सहयोग को याद करते हुए की गई। उपस्थित सदस्यों की सहमति से विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गए कि बिजली कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए दुर्घटना मुक्त तंत्र बनाने के लिए यूनियन स्तर पर कैंप लगाए जावें, यूनियन की सदस्यता बढ़ाई जावे, साथी अंजू मीणा एवं रामस्वरूप मीणा को प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया गया, सभी जिलों द्वारा अप्रेल 2024 से पूर्व अपने जिला सम्मेलन पूर्ण किये जावें।

## महंगाई राहत शिविर को लेकर की चर्चा

**लालसोट, (निस)।** उपखंड मुख्यालय पर शनिवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई । ग्राम विकास अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी बैठक के दौरान मौजूद संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले महंगाई राहत कैंप को सफलतापूर्वक संचालन संघ विकासशील का सहित इससे जूड़े कर्मचारियों के कल्याण आदि विषयों पर रहने वाली रणनीति को लेकर चर्चा की गई ।

इस बैठक के दौरान ग्राम विकास अधिकारी संघ में नवनियुक्त होकर आए ग्राम विकास अधिकारियों को भी इस महंगाई राहत कैंप सहित संगठन से जुड़ी गतिविधियों आदि के बारे में विस्तार से अवगत कराया । ग्राम विकास अधिकारी संघ पंजीकृत की जिला कार्यकारिणी दौसा की दूसरी बैठक गौरव पथ लालसोट पर स्थित अप्पू हाउस रेस्टोरेंट में आयोजित की गई । बैठक में जिला दौसा की सभी पंचायत समिति के ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक मंत्री एवं संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे । बैठक में संगठन के विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी बैठक ब्लॉक बसवा में आयोजित करने का निर्णय लिया ।

## सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**पावटा, (निस)।** विराटनगर मेड कुंडला क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने के लिए क्षेत्रवासियों का धरना उपखंड मुख्यालय पर छठे दिन भी जारी रहा।

इस दौरान सैकडों लोगों ने काली पट्टी बांधकर विराटनगर मेड कुंडला क्षेत्र को जयपुर जिले में शामिल करने के सरकार के इस फैसले का विरोध किया। इस मौके पर जगदीश यादव, सत्यनारायण सैनी ने कहा क्षेत्र की जनता में गहरा आक्रोश है । नवगठित जिला कोटपूतली बहरोड में विराटनगर क्षेत्र को शामिल करना जनता के साथ अन्याय है। वही पवन शर्मा जवानपुरा, शिवदान फागणा और संतोष मोदी ने कहा जब तक सरकार हमारी मांग नहीं मान लेती तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा आवश्यकता पडी तो संघर्ष समिति के पदाधिकारी क्रमिक अनशन एवं आमरण अनशन भी करेंगे।

क्षेत्र की जनता जयपुर जिले में यथावत रहना चाहती है या फिर विराटनगर क्षेत्र को सरकार नया जिला बनाएं इससे कम किसी भी समझौते पर अब जनता पीछे नहीं हटेगी । इस मौके पर सेवानिवृत्त अधिकारी बाबूलाल रुडंला ने दो हजार पोस्टकार्ड आमजन से लिखवाकर डाक द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे।

## पावटा में गाड़ियां भिड़ने से 4 लोग गंभीर घायल


पावटा सीएचसी कट पर गाड़ियां भिड़ंने से जीप में सवार 4 सवारियां घायल हो गई।

**पावटा, (निस) ।** पावटा सीएचसी कट पर बने ट्रैफिक चेक पोस्ट के पुलिसकर्मियों द्वारा राहगीरों व वाहनों को रोड पास करवाते समय शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरी जीप को टक्कर मार दी जिससे सवारियों से भरी जीप आगे खड़े ट्रक से जा टकराई ।

दुर्घटना में 4 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसमें कमलेश यादव पुत्री प्रहलाद यादव उम्र 2० साल निवासी बजरंगपुरा, ममता पुत्री अर्जुन बलाई निवासी भाबरु सहित दो अन्य गंभीर घायल हो गए। 2 सवारियों को तुरंत कोटपुतली ले जाया गया। 2 अन्य घायल सवारियों को पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया ।

जहां एक की हालत गंभीर होने पर उसे कोटपुतली के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए दुर्घटना के बाद राष्ट ीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया। हादसा एनएच- 48 पर पावटा सीएचसी कट के पास हुआ। ट्रैफिक पुलिस टीम वाहनो को रोककर कट पर राहगीरों व वाहनो को रोड ऋॉस करवा रहे थे, तभी एक तेज रतार ट्रक ने जीप को पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक और जीप की भिडंत के बाद सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुँच गई। इस हादसे में घायलो को ग्रामीणों के सहयोग से उपचार के लिए भेजा। वहीं जीप और ट्रक को ऋेन की मदद से अलग कर यातायात शुरू किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर एंबुलेंस के इंतजार में 15 मिनट तक घायल तडपता रहा। लेकिन एंबुलेंस के समय पर नही आने पर निजी वाहन की सहायता से घायल को इलाज के लिए अन्यत्र भेजा गया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर खडी एंबुलेंस को लेकर प्रभारी डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कहाँ कि वह पॉवर ग्रीड की तरफ से डोने टेड है व चार्जेबल है लेकिन उस पर कोई ड्राईवर उपलब्ध नही है।

## राजेंद्र राठौड के जन्मदिवस की तैयारियां पूर्ण

**पावटा, (निस)।** आज नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राजेंद्र राठौड का पहली बार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने व उनके जन्मदिवस को लेकर समर्थको व भाजपाइयों द्वारा भव्य स्वागत की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। भाजपाईयों ने बताया कि जन जन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले लोकप्रिय नेता राजेन्द्र राठौड का नेता प्रतिपक्ष बनने व उनके जन्मदिवस को लेकर आज भव्य स्वागत किया जाएगा। वही भाजपाइयों व उनके समर्थको द्वारा उनके जन्मदिवस पर विभिन्न कार्यऋमो का आयोजन भी किया जा रहा है। जिसके तहत पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनखड ने बताया कि विराटनगर स्थित प्रेम गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के सामाजिक न्याय सप्ताह अभियान को लेकर राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष पद पर आसीन हुए भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र राठौड के जन्मदिवस पर आज आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व स्वागत समारोह कार्य ऋम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यऋम संयोजक कुलदीप धनखड ने रक्तदान को मानव जीवन के लिए आवश्यक कदम बताते हुए कहा कि रक्तदान से बढकर कोई दान नहीं है।



इस साल आरसीबी की दावेदारी विराट कोहली पर है। अगर वह हर मैच में अच्छा खेलता है तो आरसीबी के जीतने की संभावना बढ़ जाती है। विराट सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं और केवल आरसीबी ही नहीं बल्कि हर टीम के प्रशंसक उनके बल्ले से रन निकलते देखना चाहते हैं। - सुनील गावस्कर

भारत के पूर्व क्रिकेटर,
विराट कोहली को लेकर।




आज का खिलाड़ी

## सूर्यकुमार यादव



दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बल्ले से पिछले कुछ समय से रन नहीं निकल रहे हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तीन पारियों में महज 15, एक और शून्य का स्कोर बनने वाले मुंबई इंडियंस के इस बल्लेबाज ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से पहले जमकर बल्लेबाजी अभ्यास किया। आईपीएल से पहले मार्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के तीनों मैचों में वह पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए थे। शनिवार को इस दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खेमे

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# दिल्ली की लगातार 5वीं हार

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से मात दी

बेंगलुरु, 15 अप्रैल। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने विराट कोहली (50) के अर्द्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स को 23 रन से मात दी। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली के सामने 175 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 151 रन तक ही पहुंच सकी।

कोहली ने 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की सहायता से 50 रन बनाते हुए आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी, हालांकि टीम का मध्यक्रम इसका लाभ नहीं उठा सका। शुरुआती 12 ओवर में 110 रन बनाने वाली आरसीबी मध्यक्रम की असफलता के कारण अंतिम आठ ओवर में 64 रन ही जोड़ सकी।

चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 175 रन का मामूली लक्ष्य भी दिल्ली के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ। दिल्ली ने अपने तीन विकेट मात्र दो रन के स्कोर पर गंवा दिये, जबकि 53 रन पर उनकी आधी टीम पवेलियन लौट गयी। मनीष पांडे ने 38 गेंद पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन बनाये लेकिन उनके आउट होते ही मेहमान टीम की सभी उम्मीदें भी समाप्त हो गयीं। यह आईपीएल के पांच मैचों में दिल्ली की पांचवीं हार है और वह अब भी अंक तालिका में खाता नहीं खोल सकी है।

आरसीबी ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए कोहली-फाफ डु प्लेसिस की जोड़ी की मदद से एक बार फिर चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आक्रामक शुरुआत की। दोनों के बीच पहले विकेट के लिये 42 रन की साझेदारी हुई ही थी कि मिचेल मार्श ने डु प्लेसिस को आउट कर दिया। डु प्लेसिस ने 16 गेंद पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 22 रन बनाये और उनका विकेट गिरने के फौरन महिपाल लोमरोर भी आउट होने से बाल-बाल बचे। लोमरोर ने शून्य रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिये 47 रन की साझेदारी की। दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने कोहली की कमज़ोरी का फायदा उठाने के लिये स्पिनरों को गेंद सौंपी लेकिन कोहली ने स्ट्राइक रेट से जुड़ी आलोचनाओं को शांत करते हुए 33 गेंद पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। पचासा पूरा होते ही कोहली ललित यादव की फुलटॉस गेंद को दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फील्डर के हाथों में खेलकर पवेलियन लौट गये।

कोहली का विकेट गिरने के बाद लोमरोर और ग्लेन मैक्सवेल ने कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन दिल्ली ने विकेट चटकाते हुए मैच में वापसी की। लोमरोर 18 गेंद पर दो छक्कों की मदद से 26 रन बनाकर आउट हो गये, जबकि अगले ओवर में अक्षर पटेल ने दो छक्के खाने के बाद हर्षल पटेल का शिकार किया।



कुलदीप यादव ने 15वें ओवर की पहली दो गेंदों पर मैक्सवेल (14 गेंद, 24 रन) और दिनेश कार्तिक (शून्य) का विकेट लिया। आरसीबी का स्कोर पलक झपकते ही 117/2 से 132/6 हो गया। आरसीबी ने मध्यक्रम के धराशाई होने के बाद अनुज रावत को इम्पैक्ट प्लेयर बनाकर मैदान पर उतारा लेकिन वह पारी को अपेक्षित तरीके से खत्म नहीं कर सके।

रावत ने शाहबाज़ अहमद के साथ सातवें विकेट के लिये 42 रन की साझेदारी की, जिसमें शाहबाज़ ने 12 गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। रावत ने एक चौके के साथ 15 रन बनाये, जिसके लिये उन्होंने 22 गेंदें खेलीं। कुलदीप चार ओवर में 23 रन के बदले दो विकेट लेकर दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे। मार्श (दो ओवर, 18 रन) को दो विकेट हासिल हुए, जबकि ललित यादव (चार ओवर, 29 रन) और अक्षर पटेल (तीन ओवर, 25 रन) ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। दिल्ली ने 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दो रन पर ही तीन विकेट गंवा दिये। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की खराब फॉर्म जारी रही और वह पहले ओवर में रनआउट हुए। वेन पार्नेल ने दूसरे ओवर में मिचेल मार्श को आउट किया, जबकि यश ढुल तीसरे ओवर में मोहम्मद सिराज का शिकार हो गये।

वॉर्नर ने शुरुआती झटकों के बावजूद पावरप्ले में आक्रामक रुख अपनाना चाहा और 13 गेंद पर चार चौकों सहित 19 रन बनाने के बाद वह भी पवेलियन लौट गये। अभिषेक पोरेल (पांच) के आउट होने के बाद अक्षर और पांडे ने कुछ देर तक संघर्ष किया। अक्षर 14 गेंद पर 21 रन बनाकर आउट हो गये। पांडे ने 14वें ओवर में वानिंदू हसरंगा को दो चौके और एक छक्का जड़कर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद हसरंगा ने उन्हें पगबाधा आउट किया।

ललित यादव (सात गेंद, चार रन) और अमन हाकिम खान (10 गेंद, 18 रन) के रूप में दिल्ली का आठवां और नौंवा विकेट 18वें ओवर तक गिर गया। वॉर्नर की टीम ऑलआउट होने की कगार पर थी, हालांकि आनरिक नॉर्खिया और कुलदीप यादव ने आपस में 15 गेंदें खेलकर टीम की इज्जत बचाई। नॉर्खिया ने 14 गेंद पर चार चौके लगाते हुए 23 रन बनाये, जबकि कुलदीप छह गेंद पर सात रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली का अगला मुकाबला 20 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ है। अब तक टूर्नामेंट में दिल्ली की बल्लेबाजी बेहद निराशाजनक रही है। कोच रिकी पॉन्टिंग की टीम को अगले मुकाबले से पहले अपनी चिंताओं का निवारण करना होगा।

### एक मैदान पर सर्वाधिक टी-20 अर्द्धशतक बनाने का रिकॉर्ड कोहली के नाम

बेंगलुरु, 15 अप्रैल। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के सलामी बल्लेबाज विराट कोहली ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मैच के दौरान टी20 क्रिकेट में एक स्थल पर सर्वाधिक अर्धशतक दर्ज करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

कोहली ने आरसीबी के घरेलू मैदान पर अपना 25वां टी20 अर्धशतक जमाकर यह कीर्तिमान रचा, जबकि इससे पहले यह रिकॉर्ड नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में 24 अर्धशतक जड़ने वाले एलेक्स हेल्स के नाम था। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने 33 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया, हालांकि वह 34 गेंद 50 रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

आईपीएल 2023 में कोहली एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर तीन मैचों में तीन अर्द्धशतक बना चुके हैं। उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 44 गेंद पर 61 रन बनाने से पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाकर अपने अभियान की शुरुआत की थी। कोहली ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 22 अर्द्धशतक और तीन शतक बनाए हैं। यह स्थल आईपीएल में कोहली के लिये एक यादगार मैदान रहा है क्योंकि उन्होंने यहां 2,539 रन बनाए हैं, जिसमें 19 अर्द्धशतक और तीन शतक शामिल हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, कोहली बेंगलुरु में पांच मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बना सके हैं। उन्होंने चैंपियन्स ट्रॉफी 2011 के दौरान इस मैदान पर दो अर्द्धशतक बनाये थे।

## सिकंदर, शाहरुख ने दिलाई पंजाब को जीत



लखनऊ, 15 अप्रैल। कप्तान सैम करन (31/3) की चतुर गेंदबाजी के बाद सिकंदर रज़ा (41 गेंद, 57 रन) के शानदार अर्द्धशतक और शाहरुख खान (10 गेंद, 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपरजायंट्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को दो विकेट से मात दी। सुपरजायंट्स ने कप्तान केएल राहुल (74) के अर्द्धशतक की मदद से पंजाब के सामने 160 रन का लक्ष्य रखा। पंजाब ने यह लक्ष्य आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर हासिल कर लिया।

पंजाब के गेंदबाजों ने बेहतरीन अनुशासन का प्रदर्शन करके सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों को हाथ खोलने का मौका नहीं दिया। राहुल ने सुपरजायंट्स के लिये सर्वाधिक 74 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इसके लिये 56 गेंदें खेलीं। लक्ष्य का पीछा करते हुए रज़ा ने पंजाब के लिये 41 गेंद पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 57 रन बनाये, हालांकि 18वें ओवर में उनके आउट होने के बाद भी पंजाब जीत से 21 रन दूर थी।

युवा बल्लेबाज शाहरुख ने अपनी टीम को लक्ष्य तक ले जाने का जिम्मा लिया। उन्होंने अपनी 23 रन की महत्वपूर्ण पारी में 10 गेंद पर एक चौका और दो छक्के जड़े। पंजाब को आखिरी ओवर में सात रन चाहिये थे और शाहरुख ने शुरुआती दो गेंदों पर दो-दो रन भागने के बाद तीसरी गेंद पर चौका जड़कर पंजाब की विजय पताका लहराया।

### चर्चिल ब्रदर्स ने चेन्नईयिन एफसी से गोलरहित ड्रा खेला

मंजेरी (केरल), 15 अप्रैल। चर्चिल ब्रदर्स और चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को यहां सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में गोलरहित ड्रा खेला। दोनों टीमों ने मैच में सतर्कता भरी शुरुआत की और आरंभ में खेल मिडफील्ड तक सीमित रहा। इस ड्रा का मतलब है कि चेन्नईयिन एफसी को अगर सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करना है तो उसे इंडियन सुपर लीग शील्ड विजेता मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ अंतिम ग्रुप मैच में जीत —

## बुमराह ने सर्जरी के बाद रिहैब शुरू किया

मुंबई, 15 अप्रैल। भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड में सफलतापूर्वक कमर की सर्जरी करवाने के बाद बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया शुरू कर दी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को बताया कि बुमराह को दर्द से राहत मिल गयी है और विशेषज्ञ डॉक्टर ने उन्हें छह हफ्ते तक रिहैब प्रक्रिया से गुज़रने की सलाह दी है।

शाह ने कहा, ''जसप्रीत बुमराह ने न्यूजीलैंड में अपनी पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी की, जो सफल रही और वह दर्द से मुक्त हैं। विशेषज्ञ ने तेज गेंदबाज को सर्जरी के छह सप्ताह बाद अपना रिहैब शुरू करने की सलाह दी और तदनुसार, बुमराह ने शुक्रवार से बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैब प्रबंधन शुरू कर दिया है।''



उल्लेखनीय है कि बुमराह सितंबर 2022 के अंत से क्रिकेट से दूर रहे हैं। उन्होंने इस साल जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिये पिच पर वापसी की कोशिश की, लेकिन उनकी पीठ में दर्द के कारण ऐसा नहीं हो सका। वह पिछले महीने पीठ की सर्जरी के लिये न्यूजीलैंड रवाना हुए जिसके कारण उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून को होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल से हटा दिया गया।

इसी बीच, बीसीसीआई ने बताया कि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अगले हफ्ते अपनी कमर की सर्जरी करवायेंगे। इंग्लैंड में सर्जरी सफल रहने पर अय्यर दो हफ्ते तक डॉक्टर की निगरानी में रहेंगे और उसके बाद रिहैब के लिये बेंगलुरु में एनसीए का रुख करेंगे। पिछले दिसंबर में बंगलादेश दौरे से लौटने के बाद से अय्यर को पीठ के निचले हिस्से में नस दबने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। करीब छह इंजेक्शन लेने के बावजूद अय्यर की परेशानी कम नहीं हुई, जिसके बाद उन्होंने सर्जरी का फैसला लिया।

### जो होगा सो होगा कि मानसिकता के साथ खेला : ब्रूक

कोलकाता, 15 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती तीन मैचों में असफल होने के बाद चौथे मैच में विस्फोटक अर्द्धशतक जड़ने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा है कि जो होगा, सो होगा की मानसिकता के साथ खेले, जो उनके लिये फायदेमंद रहा। इस साल सनराइजर्स के सबसे महंगे खिलाड़ी रहे ब्रूक शुरुआती दो मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हुए क्रमश: 13 और तीन रन बना सके थे। तीसरे मैच में उन्हें पारी की शुरुआत करने के लिये भेजा गया लेकिन वहां भी वह 13 रन ही बना सके। टेस्ट क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके ब्रूक को आईपीएल में खराब फॉर्म के लिये सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा रहा था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स के विरुद्ध उन्होंने 55 गेंद पर 100 रन की शतकीय पारी खेलकर सभी आलोचकों को शांत कर दिया।

## कप्तान बाबर के सौवें ट्वंटी-ट्वंटी में पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया

लाहौर, 15 अप्रैल। पाकिस्तान ने अपने कप्तान बाबर आजम के सौवें टी20 मैच का जश्न पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 88 रन से हराकर मनाया । तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 18 रन देकर चार विकेट लिये। न्यूजीलैंड की टीम चार ओवर बाकी रहते 94 रन पर ही आउट हो गई । उसने आखिरी पांच विकेट छह रन के भीतर गंवा दिये । इससे पहले पाकिस्तान ने 182 रन बनाये । युवा बल्लेबाज साइम अयूब और फखर जमां दोनों ने 47 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान से श्रृंखला 1.2 से हारने के बाद पाकिस्तान ने इस श्रृंखला में अपनी पूरी मजबूत टीम उतारी है । वहीं न्यूजीलैंड की टीम में उसके आठ प्रमुख खिलाड़ी नहीं हैं जो भारत में आईपीएल खेल रहे हैं । न्यूजीलैंड इस दौरे पर पांच टी20 और पांच वनडे खेलेगी। न्यूजीलैंड के लिये मैट हेनरी ने टुकड़ों में हैट्रिक ली । उन्होंने अपने तीसरे ओवर की आखिरी दो गेंदों पर शादाब खान और इफ्तिखार अहमद को आउट किया । वहीं अगले ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी को डीप में डेरिल मिशेल के हाथों लपकवाया।

## केकेआर के खिलाफ आर्चर का खेलना संदिग्ध : डेविड

मुंबई, 15 अप्रैल। मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अपने चौथे मैच में रविवार को यहां जब कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसे एक बार फिर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की सेवाएं शायद ही मिले।

आर्चरदो अप्रैल को टीम के पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ खेले थे लेकिन कोहनी में दर्द की परेशानी के कारण वह इसके बाद के मुकाबले नहीं खेल पाये। आर्चर की गैरमौजूदगी ने निश्चित रूप से मुंबई की परेशानियों को बढ़ा दिया है। अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में टीम तीन में से सिर्फ एक मैच में जीत दर्ज कर सकी है।

मुंबई इंडियंस और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज टिम डेविड ने मैच की पूर्व संध्या पर मीडिया से कहा, ''फिलहाल जोफ (आर्चर) की स्थिति पर टीम की चिकित्सा दल नजर रख रही है। मैं उन से जुड़ी बातचीत का हिस्सा नहीं हूं। जब भी वे मैच खेलने के लिए तैयार होंगे तब मैदान पर उतरेंगे।''

डेविड ने कहा कि केकेआर के रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों के लिए योजना बनाना मुश्किल है। रिंकू ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ लगातार पांच छक्के लगाकर टीम को यादगार जीत दिलायी थी। उन्होंने इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ भी चार छक्के और इतने ही चौके लगाकर 31 गेंद में नाबाद 58 रन बनाए थे।

डेविड ने कहा, ''उनके (केकेआर) पास कुछ खतरनाक बल्लेबाज हैं। हमारे गेंदबाज अगर उन्हेंजल्दी आउट कर देते हैं तो यह हमारे लिए एक अच्छी शुरुआत होगी।'' उन्होंने कहा, ''रिंकू जैसे बल्लेबाज के लिए योजना बनाना मुश्किल है। हम अपनी टीम के प्रदर्शन पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम एक अच्छा मैच खेलना चाहते हैं। हम जानते हैं कि जब हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे तो हम प्रतिद्वंद्वी टीम पर दबाव बना सकते है।''

### फॉर्म में चल रहे करण प्रताप ने पहली ट्रॉफी जीती

चंडीगढ़, 15 अप्रैल। युवा गोल्फर करण प्रताप सिंह ने शनिवार को यहां चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में एक करोड़ पुरस्कार राशि की पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अपनी पहली ट्राफी हासिल की। इस 22 साल के गोल्फर ने पिछले हफ्ते नोएडा में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल किया था जिसमें वह प्लेऑफ में हार गये थे। करण (70-70-68-70) बीती रात दूसरे स्थान पर चल रहे थे, उन्होंने चौथे दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे उनका कुल स्कोर 10 अंडर 278 रहा और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। ओम प्रकाश चौहान और अर्जुन शर्मा संयुक्त उप विजेता रहे।

## टीम प्रबंधन ने मुझे खुद को अभिव्यक्त करने को कहा- आरसीबी के तेज गेंदबाज वैशाख

बेंगलुरु, 15 अप्रैल। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने आईपीएल पदार्पण में 20 रन देकर तीन विकेट के शानदार प्रदर्शन करने के बाद कहा कि वह अपनी 'नकल बॉल' डालने को लेकर थोड़ा हिचक रहे थे लेकिन टीम प्रबंधन के उन्हें 'खुद को अभिव्यक्त' करने की बात कहने से उनका आत्मविश्वास बढ़ा।

इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी लेंथ, रफ्तार में विविधता और 'नकल बॉल' का चतुराई से इस्तेमाल किया जिससे दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज हैरान रह गये। वैशाख ने आरसीबी की 23 रन की जीत के बाद कहा, ''मैं 'नकल बॉल' डालने के लिए तैयार नहीं था लेकिन फॉफ (डुप्लेसी) आये और उन्होंने मुझे फिर कहा, 'तुम थोड़ी धीमी गेंद डाल सकते हो' तो मैंने सोचा कि मैं ऐसा करूंगा और मुझे विकेट मिल गया। ''

उन्होंने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि प्रबंधन ने मुझे खुद को अभिव्यक्त करने को कहा इसलिये मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया और मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। वैशाख ने अपना पहला आईपीएल विकेट डेविड वॉर्नर के रूप में लिया और उनकी 'नकल बॉल' ने अक्षर पटेल को आउट किया।

उन्होंने कहा, ''मैं इस पर दो साल से काम कर रहा हूं इसलिये मुझे लगता है कि आखिरकार इसका फल मिल गया। वहीं भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को 34 गेंद में 50 रन बनाने और तीन कैच लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। कोहली ने कहा, ''मैं काफी निराश था कि मैं फुल टॉस गेंद पर आउट हो गया। मैं अच्छा खेल रहा था और 50 रन बनाने के बाद अगली 10 गेंद में 30-35 रन बनाना चाह रहा था। ''

एक समय आरसीबी 200 से ज्यादा रन बनाने की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन अच्छी तरह 'फिनिश' नहीं कर सकी।

## बराबरी के मुकाबले में आमने-सामने होंगे टाइटंस और रॉयल्स

अहमदाबाद, 15 अप्रैल। पिछले मैच में पंजाब किंग्स पर रोमांचक जीत दर्ज करने के बाद गुजरात टाइटंस का सामना इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को राजस्थान रॉयल्स से होगा तो उनका इरादा अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का रहेगा। अब तक हार्दिक पंड्या की टाइटंस ने संजू सैमसन की अगुवाई वाली रॉयल्स के खिलाफ तीनों मैच जीते हैं लिहाजा मनोवैज्ञानिक रूप से उसका पलड़ा भारी होगा। टाइटंस ने आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए फाइनल में 11 गेंद बाकी रहते सात विकेट से जीत दर्ज की थी । फिलहाल टीम छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर है । लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल्स के भी छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर तीनों टीमें अलग अलग पायदान पर हैं। रॉयल्स और टाइटंस बल्लेबाजी और गेंदबाजी के मामले में बराबरी की टीमें हैं लेकिन पिछले साल इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिली तीन जीत से टाइटंस के हौसले बुलंद हैं । दूसरी ओर रॉयल्स इस सिलसिले को तोड़ने को बेताब होंगे। दोनों टीमों के कोर खिलाड़ी लगभग वहीं हैं और नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर दबाव का बेहतर सामना करने वाली टीम ही विजयी होगी। रॉयल्स के पास शीर्ष क्रम में यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और सैमसन हैं जिन्होंने पावरप्ले का बखूबी इस्तेमाल किया है । बटलर का पावरप्ले में स्ट्राइक रेट 196.6 है । वहीं जायसवाल का पावरप्ले के ओवरों में स्ट्राइक रेट 184 है । देवदत्त पड्डिकल, रविचंद्रन अश्विन, शिमरोन हेटमायेर और जैसन होल्डर के रहते रॉयल्स के बल्लेबाजी क्रम में काफी गहराई है। गेंदबाजी में उनका इकॉनामी रेट अब तक 7 . 3 रहा है जो बेहतरीन कहा जा सकता है । उसके शीर्ष तीन स्पिनरों एडम जाम्पा, अश्विन और युजवेंद्र चहल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया । अब देखना होगा कि चेन्नई पर तीन रन से मिली जीत के बाद क्या वही गेंदबाजी संयोजन फिर उतारा जाता है । रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स को बड़े अंतर से हराया लेकिन चेन्नई के खिलाफ जीत करीबी रही । अब उनके सामने टाइटंस के रूप में इस सत्र की सबसे कठिन चुनौती है। टाइटंस के पास पंड्या, डेविड मिलर, शुभमन गिल, साइ सुदर्शन, विजय शंकर और मोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी हैं । शंकर ने केकेआर के खिलाफ 24 गेंद में 63 रन बनाये थे लेकिन रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में यश दयाल को पांच छक्के जड़कर केकेआर को चमत्कारिक जीत दिलाई । टाइटंस ने दयाल की जगह पंजाब के खिलाफ 34 वर्ष के मोहित को उतारा जिन्होंने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट लिये और टीम को जीत दिलाई ।


कार्यालय ग्राम पंचायत लालासर,
पंचायत समिति किशनगढ़ रेनवाल

क्रमांक-ग्राप लालासर/ई-निविदा/2023-24/162 दिनांक-13.04.2023

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24

ग्राम पंचायत लालासर, पंचायत समिति किशनगढ, रेनवाल में वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंद्रहवा वित्त आयोग मद (ग्राम पंचायत स्तर) में स्वीकृत कार्यों/संकर्म राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 (2) के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाइन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN NO. ZIP2324WSOB00063 NIB NO ZIP 2324A0039

सरपंच
ग्राम पंचायत लालासर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लालासर



उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

सं. ईएल/118/22आर-III-2022-23/डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक 13.04.2023 मण्डल रेल प्रबंधक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। **एनआईटी संख्या** : ईएल-जेपी-22आर-III-2022-23 **कार्य का नाम** : JP div.-Schedule Maintenance of 500 kVA DG Set of various make power car (Cummins/ Greaves/KOEL) for the period of two years. **अनुमानित लागत** : 5560198.88/- **बयाना राशि** : 111200.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 08.05.2023 **नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे के बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए बेवसाइट का पता** : http://www.ireps.gov.in 383-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

सं. जीएसयू-जेपी-ईएल-एबीएसएस-2023-24-01 एण्ड 02-टीएफ दिनांक 13.04.2023 मुख्य परियोजना प्रबन्धक/जीएसयू, उ.प.रे., जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा । 1. एनआईटी संख्या : जीएसयू-जेपी-ईएल-एबीएसएस-2023-24-01 **कार्य का नाम** : इलेक्ट्रिकल वर्क इन कनेक्शन विथ अपग्रेडेशन/इम्प्रूवमेंट ऑफ रेवाड़ी, अलवर, बांदीकंई, दौसा, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, सीकर एण्ड झुन्झुनु स्टेशनस् ऑफ जयपुर डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। (एनडब्ल्यूआर/प्रोविजन ऑफ लिफ्टस् एट स्टेशनस्) **अनुमानित लागत (रू.)** : 5,49,35,926.00 **बिड सिक्यूरिटि राशि (रू.)** : 424700.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 08.05.2023 2. **एनआईटी संख्या** : जीएसयू-जेपी-ईएल-एबीएसएस-2023-24-02 **कार्य का नाम** : इलेक्ट्रिकल वर्क इन कनेक्शन विथ अपग्रेडेशन/इम्प्रूवमेंट ऑफ रेवाड़ी, खैरथल, अलवर, राजगढ़, बांदीकंई एण्ड दौसा स्टेशनस् ऑफ जयपुर डीविजन अण्डर अमृत भारत स्टेशन स्कीम। (सॉफ्ट अपग्रेडेशन एण्ड मिनिमम असेन्शल अमेनिटिज एण्ड फैसिलिटिज फॉर दिव्यांगजन) **अनुमानित लागत (रू.)** : 7,05,35,161.32 **बिड सिक्यूरिटि राशि (रू.)** : 5,02,700.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 08.05.2023 **नोटः ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए बेवसाइट का पता** : http://www.ireps.gov.in 385-CQ/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

# कांग्रेस में सीज़फायर-विधायक और कांग्रेसजनों से होगा 3 दिन तक वन-टू-वन संवाद

## पायलट के दौरे के पोस्टर में शामिल हुईं मुख्यमंत्री और पी.सी.सी. अध्यक्ष की फोटो, डोटासरा ने किया गुटबाजी से इंकार

जयपुर, 15 अप्रेल (का.प्र.)। सरकार के कामकाज और योजनाओं को लेकर जनता में क्या रुझान है। इसे लेकर अब सत्ता और संगठन ने पार्टी विधायकों और कार्यकर्ताओं के साथ वन टू वन संवाद का फैसला लिया है और 17 से लेकर 20 अप्रैल तक यह कार्यक्रम चलेगा। इस दौरान 1 दिन की कार्यशाला का भी आयोजन रखा गया है। वहीं दूसरी ओर लगता है कि सचिन पायलट मसले को लेकर उठा बवाल शांत हो गया है और पार्टी में सीज़फायर के संकेत मिल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी में किसी भी गुटबाजी से इनकार किया। सचिन पायलट के

- **17 से 20 अप्रैल तक मुख्यमंत्री गहलोत पी.सी.सी. अध्यक्ष डोटासरा और प्रभारी रंधावा करेंगे वन-टू-वन संवाद, 19 अप्रैल को बिरला सभागार में कार्यशाला होगी।**

17 अप्रैल को शाहपुरा और खेतड़ी दौरों के कार्यक्रम के लिए आज जारी पोस्टर में मुख्यमंत्री गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा और प्रभारी रंधावा सहित कांग्रेस नेताओं के फोटो हैं, जो बता रहे हैं कि मामला शांत हो चुका है।

इधर 17 अप्रेल से 20 अप्रेल तक जयपुर में फीडबैक बैठकों का दौर चलेगा और सरकार के कामकाज और योजनाओं का जमीनी फीडबैक लिया जाएगा। फीडबैक बैठकों के जरिए विधायकों, पार्टी के नेताओ, कार्यकर्ताओं से पूछा जाएगा कि सरकार के कामकाज को लेकर जनता क्या सोचती है? फीडबैक कार्यक्रमों में बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों और निर्दलीय विधायकों को भी बुलाया गया है। कार्यक्रम के अनुसार 17 अप्रेल को अजमेर संभाग के अजमेर, टोंक, नागौर, भीलवाड़ा के और जोधपुर संभाग के जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के कांग्रेस विधायकों से वन टू वन फीडबैक लिया जाएगा। अगले दिन 18 अप्रेल को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा उदयपुर संभाग के उदयपुर, चित्ताड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद के साथ कोटा संभाग के कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़ और भरतपुर संभाग के भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर जिले से आने वाले कांग्रेस विधायकों से भी वन टू वन संवाद करेंगे।

वहीं 20 अप्रेल को बीकानेर संभाग के बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के साथ-साथ जयपुर संभाग के जयपुर, अलवर, दौसा, सीकर और झुंझुनूं जिले के विधायकों से वन टू वन संवाद किया जाएगा। वहीं सरकार की योजनाओं और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा होगी।

3 दिन के संवाद कार्यक्रमों के बीच सरकार के कामकाज की जमीनी हकीकत परखने और प्रमुख योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए 19 अप्रेल को बिड़ला सभागार में भी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें एआईसीसी और पीसीसी सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी, सांसद, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, पूर्व मंत्री, विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नेता, जिलाध्यक्षों, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी पंचायत और स्थानीय निकाय के जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। जिसमें 24 अप्रेल से लगने वाले महंगाई राहत शिविरों को लेकर भी उन्हें जानकारी दी जाएगी।

इधर सचिन पायलट मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि हमारी पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। मिल बैठकर बात कर लेंगे।

हम सब एकजुट हैं और एकजुटता के साथ ही चुनाव में जाएंगे। कांग्रेस ने ओबीसी विभाग के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि कहा कि हमारी पार्टी में कोई झगड़ा नहीं है, ज्यादा झगड़े तो बीजेपी में हैं।

भाजपा ओबीसी का अपमान कर दिया जबकि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता ओबीसी का भला सोचते हैं। अमित शाह के दौरे को लेकर गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा का फोकस केवल चुनाव और सत्ता पर हैं। उन्हें गरीब, युवा, बेरोजगार, किसान किसी का ध्यान नहीं है। ईस्टर्न कैनाल परियोजना पर भाजपा कुछ नहीं बोल रही है। यह योजना 13 जिलों से जुड़ी हुई है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय योजनाओं नहीं बना रहे हैं, इसका जवाब अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहिए।




*पायलट के शाहपुरा व खेतड़ी दौरे के कार्यक्रमों के लिए आज जारी पोस्टर में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के फोटो शामिल किए गए हैं, इससे राजनैतिक हलकों में अटकलों का बाज़ार गर्म है कि, पार्टी में ''सीज़फायर'' है और सब शांत हैं। खुद डोटासरा ने भी पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि, कांग्रेस में कोई गुटबाजी नहीं है।*

## '2019 के..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्राथमिकता नहीं है।'' आर.जे.डी. नेता मनोज झा ने कहा कि ''पुलवामा घटना की असली सच्चाई अब सामने आ रही है। पुलवामा की घटना 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले ही क्यों? घटी जनता अब सब समझने लगी है।''

इसके साथ ही, आर.एस.एस. नेता राम माधव ने मलिक द्वारा मानहानि का बयान दिये जाने को लेकर, उन्हें एक कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस की प्रतिक्रिया में, पूर्व राज्यपाल ने क्षमा याचना की माँग को खारिज कर दिया है।

थापर के साथ सम्पन्न हुये इन्टरव्यू में, पूर्व राज्यपाल ने आर. एस. एस. के उस नेता के रूप में राम माधव को नाम लिया था, जिसने दो फाइलों को स्वीकृत करने के लिये उनसे कहा था, जिसके 300 करोड़ की रिश्वत उन्हें दी जा सकती थी। माधव ने इस आरोप को ''असत्य तथा (उन्हें) बदनाम करने वाला'' कहा है।

## भ्रष्टाचार के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहे हैं: आप मेरी मदर करें और मैं आपकी मदद करुं ये दोनों राजनैतिक संकट के समय एक-दूसरे की मदद करते हैं और ठीक यही वो बिन्दु है जिस पर अमित शाह निशाना साध रहे हैं।

# राजस्थान विश्वविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की भूगोल परीक्षा का पेपर लीक

## चौमूं उपखण्ड के कालाडेरा के सेठ आर.एल. सहरिया पीजी महाविद्यालय में हुआ है पेपर लीक

चौमूं / कालाडेरा, 15 अप्रैल (निसं) । प्रदेश में रीट, कांस्टेबल, जेईएन परीक्षा के पेपर लीक के बाद एक बार फिर पेपर लीक की घटना सामने आई है। इस बार राजस्थान यूनिवर्सिटी के बी.ए. प्रथम वर्ष भूगोल विषय का पेपर लीक हुआ है।

शनिवार को सुबह 11:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक बी.ए. (प्रथम वर्ष) के भूगोल विषय की परीक्षा होनी थी। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले 10:45 पर ही पेपर सोशल मीडिया ग्रुप पर आ गया।

जैसे ही मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से पेपर वायरल होने की जानकारी मिली तो तुरंत युनिवर्सिटी प्रशासन जांच में जुट गया। जिस महाविद्यालय के सेंटर से सोशल मीडिया पर पेपर को वायरल किया गया । उस महाविद्यालय को यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सूचना दी । साथ ही यूनिवर्सिटी प्रशासन के निर्देश के बाद कॉलेज प्रशासन ने सोशल मीडिया पर पेपर को वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई ।

- **महाविद्यालय में प्राइवेट वीक्षक द्वारा सोशल मीडिया पर पेपर को वायरल करने की बात सामने आई।**
- **कॉलेज प्रशासन ने पुलिस थाने में दी लिखित रिपोर्ट, पुलिस जांच में जुटी।**

पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार कालाडेरा कस्बे में स्थित सेठ आर.एल. सहरिया पीजी महाविद्यालय में शनिवार को 11:00 बजे से बी.ए. प्रथम वर्ष की भूगोल विषय की परीक्षा का आयोजन किया जा रहा था। इसी दौरान परीक्षा होनी थी। पर परीक्षा के 15 मिनट पहले 10:45 पर ही पेपर सोशल मीडिया ग्रुप पर वायरल हो गया। पेपर वायरल होने की सूचना मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन के द्वारा इस मामले को लेकर कालाडेरा थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं चौमूं विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि राजस्थान में कानून व्यवस्था बद से बदतर हो गई है।

# प्रदेश में तीस जिले फिर करोना संक्रमण की चपेट में

## राज्य में शनिवार को 419 नए संक्रमित मिले हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 15 अप्रैल। राजस्थान में एक बार फिर करोना संक्रमण तेज रफ्तार से फैलता जा रहा है। इसके चलते फिलहाल राज्य के 30 जिले इसकी चपेट में आ चुके हैं। इधर शनिवार को प्रदेश में 419 नए संक्रमित मिले हैं।

- **जयपुर, अलवर और झुंझुनूं में करोना से तीन लोगों की मौत हो गई है।**
- **जालोर, बाड़मेर और करौली ही ऐसे जिले हैं, जहां फिलहाल न कोई नया संक्रमित है और न ही एक्टिव केस मौजूद हैं।**

वहीं इस बीच तीन लोगों की इस बीमारी से मौत भी हुई है।

प्रदेश के तीन जिले बाड़मेर, जालोर और करौली को छोड़कर बाकी सभी 30 जिलों में करोना संक्रमण एक बार फिर फैल चुका है। ये तीन जिले ऐसे है जहां फिलहाल न कोई नया संक्रमित है और न ही कोई एक्टिव केस मौजूद है।

उधर शनिवार को प्रदेश के 25 जिलों में 419 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले शुक्रवार को राज्य में 397 रोगी पाए गए थे। इधर आज भी सबसे ज्यादा 132 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं।

राजधानी में 8 महीने बाद करोना के 100 से ज्यादा मामले सामने आए है। इससे पहले पिछले साल 31 अगस्त को 128 मरीज मिले थे। इसके अलावा आज उदयपुर में 51, अजमेर में 36, डूंगरपुर में 31, अलवर में 26, पाली में 22, जोधपुर में 19, बीकानेर में 15, प्रतापगढ़ में 12, झालावाड़ में 11, भरतपुर में 10, बांसवाड़ा व गंगानगर में 8-8, राजसमंद व सिरोही में 5-5, कोटा, चित्तौड़गढ़ व झुंझुनूं में 4-4, जैसलमेर, सीकर व टोंक में 3-3, बूंदी, नागौर व धौलपुर में 2-2 और चूरू में 1 नया संक्रमित मिला है। प्रदेश में शनिवार को 122 मरीज ठीक हुए हैं।

हालांकि नए संक्रमित अधिक होने से एक्टिव केस बढ़कर 2058 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 627 मामले जयपुर में हैं।

राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर, अलवर और झुंझुनूं में 1-1 संक्रमित की मौत हो गई है। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9680 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## बेटियों का यौन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ट्रांसपोर्ट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियुक्त के साथ उसकी शादी वर्ष 2003 में हुई थी। उसके तीन लड़कियां और एक लड़का है।

करीब एक साल पहले उसकी बड़ी लड़की ने उसे बताया कि पिता ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। वहीं छोटी बेटी ने भी पिता द्वारा छेड़छाड़ किए जाने की बात कही थी।

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त पिता को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं ट्रायल के दौरान अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसने अपनी पत्नी को किसी अन्य व्यक्ति के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। पत्नी के उस व्यक्ति से नाजायज संबंध भी थे।

जब उसने अपनी पत्नी को ऐसा करने से रोका तो पत्नी ने उसे रास्ते से हटाने के लिए बेटियों से मिलीभगत कर मामला दर्ज करा दिया। यदि उसने वास्तव में दुष्कर्म किया होता तो रिपोर्ट एक साल बाद दर्ज नहीं कराई जाती।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि कोई भी मां अपनी नाबालिग बेटियों की प्रतिष्ठा और गरिमा को इस तरह दाव पर नहीं लगा सकती।

## शरद पवार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और जुड़ जायेगा तथा मुकाबला चतुष्कोणीय रूप ले लेगा। दरअसल, आप, ओवैसी की ए.आई.एम.आई.एम. जैसे वोट काटने वाले दलों की मौजूदगी ने एक समृद्ध तथा घटना प्रधान राज्य में चुनाव तथा राजनैतिक विश्लेषकों के लिये चुनावों की तस्वीर को पहले ही अस्त-व्यस्त तथा हैरानी से भरी हुई बना दिया है। भाजपा ने अपना पूरा जोर लगा दिया है कि सत्ता का ''ए.टी.एम.'' कांग्रेस के हाथों में न पहुँचे तथा इस संदर्भ में, एन.सी.पी. का यह निर्णय सत्तारूढ़ दल के लिये मददगार हो सकता है।

हालाँकि, एन.सी.पी. नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस निर्णय को घुमाकर प्रस्तुत करते हुये कहा है, ''हमें अपने राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे को पुन: प्राप्त करने के लिये कुछ कदम तो उठाने ही पड़ेंगे।'' उनकी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के लिये ''अलार्म घडी'' चुनाव चिन्ह माँगा था तथा चुनाव आयोग ने उसे उपकृत कर दिया हैं अब एन.सी.पी. कर्नाटक के महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा वाले क्षेत्र में चुनाव लड़ने के लिये महाराष्ट्र एकीकरण समिति से बातचीत कर रही है। ज्ञातव्य है कि इस क्षेत्र में मराठी लोगों की अच्छी खासी संख्या है।

यह सुनिश्चित है कि चुनावी मैदान में एन.सी.पी. के उतरने की कीमत उसके अपने ही मित्र दल, कांग्रेस को ही चुकानी होगी तथा इसके चलते, दोनों दलों के बीच के संबंधों में खटास आ सकती है। देखना यह है कि क्या इससे विपक्षी एकता के वे प्रयास प्रभावित होंगे या नहीं, जो भाजपा की ताकत से टकराने के लिये किये जा रहे हैं।

एन.सी.पी. नेता शरद पवार ने विधानसभा चुनावों से संबंधित अपनी योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिये एक मीटिंग बुलाई है। एन.सी.पी. के नेतागण इस कदम को पार्टी के राष्ट्रीय दर्जे को फिर से हासिल करने के लिए उठाया गया कदम बता रहे हैं। ज्ञातव्य है कि एन.सी.पी. का राष्ट्रीय दल का दर्जा अभी-अभी, गोवा, मेघालय तथा मणिपुर विधानसभा चुनावों में उसके खराब प्रदर्शन के कारण, रद्द कर दिया गया है।

# श्रीगंगानगर सबसे गर्म, पारा 42.1 डिग्री पर पहुंचा

बीकानेर, 15 अप्रैल (कासं)। कुछ दिन पहले तक हो रही रिमझिम बारिश से परेशान बीकानेर संभाग के निवासी अब उसी बरसात का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल तब खेत में बारिश और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा रही थी और अब सूर्यदेव ने तल्खी दिखाई है। बीते चौबीस घंटों में बीकानेर संभाग राज्य में सबसे ज्यादा गर्म रहा। श्रीगंगानगर में जहाँ तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस रहा, वहीं, बीकानेर आंशिक रूप से पीछे रहा। बीकानेर में अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा चूरू और हनुमानगढ़ में भी लोग गर्मी के थपेड़े सहन करने को मजबूर हो रहे हैं।

- **दूसरा स्थान 41.9 सैल्सियस के साथ बीकानेर का रहा।**
- **समूचा बीकानेर संभाग गर्मी से त्रस्त है। दिन का ही नहीं रात का तापमान भी सामान्य से बहुत ज्यादा है।**

पश्चिमी राजस्थान में माउंट आबू को छोड़कर सभी जिलों में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है।

हनुमानगढ़ के संगरिया में तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में, 18 व 19 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय होगा, जिससे बीकानेर संभाग में बारिश हो सकती है। ऐसे में गर्मी से भी कुछ राहत मिलेगी, लेकिन तब तक तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहेगा। अगले दो दिन तक बीकानेर में पारा एक से दो डिग्री सेल्यिस बढ़ सकता है।

ना सिर्फ दिन में, बल्कि रात में भी गर्मी ने हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है। बीकानेर में न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री पर रूका।

यहां दिन में पारा चालीस के पार है और रात का तापमान तीस डिग्री की ओर बढ़ रहा है। कहा जा रहा है कि, आने वाले दिनों में बीकानेर में न्यूनतम तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, सत्रह अप्रैल तक तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी।

## विधायकों की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सी.सी. प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मीटिंग में भाग ले सकते हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तथा ए.आई. सी.सी. महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल भी मीटिंग में भाग लेंगे क्योंकि कमलनाथ तो पार्टी नेतृत्व द्वारा कहा गया है कि वह पार्टी को एकजुट करने में मदद करें, जबकि वेणुगोपाल राजस्थान से राज्यसभा सदस्य होने के नाते मीटिंग में हिस्सा लेंगे। डोटासरा ने इस पर जोर दिया कि कांग्रेस के भीतर कोई मतभेद नहीं हैं तथा मुद्दों को एक साथ बैठक्र सुलझा लिया जाएगा। भाजपा की पूर्व सरकार पर पायलट द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर उन्होंने कहा कि यह वास्तविकता है कि वसुंधरा राजे सरकार भ्रष्ट थी, तभी तो कांग्रेस सत्ता में आई। उन्होंने राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सैद्धांतिक रूप से सहमत कांग्रेस के एक नए फार्मूले का भी खुलासा किया। इसके अनुसार इस प्रकार की नियुक्तियाँ तीन माह के भीतर कर दी जाएंगी, क्योंकि इनमें विलम्ब होने के कारण ही पार्टी में मतभेद उभरे हैं।

# राहुल के यूट्यूब चैनल की व्यूअरशिप घटी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 15 अप्रैल। कांग्रेस ने अपने नेता राहुल गांधी से संबंधित यू-ट्यूब वीडियोज़ का दमन किए जाने की शिकायत करते हुए गूगल की पितृ कम्पनी ''एल्फाबेट'' को एक पत्र लिखा है। गूगल को लिखे गए पत्र के साथ ही देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी, कांग्रेस ने स्वयं द्वारा की गई एक रिसर्च को साझा करते हुए दावा किया है कि अडानी विवाद को लेकर दिए गए अपने संबोधन के बाद राहुल के यू-ट्यूब चैनल के वीडियोज़ की व्यूअरशिप प्रति सप्ताह 6 मिलियन से 3 मिलियन तक गिरी है।

- **पार्टी ने इसे साजिश करार दिया और कहा कि, संसद में राहुल गांधी ने अडानी पर बोला था, उसके बाद केन्द्र सरकार ने गूगल पर दबाव डालकर राहुल के यूट्यूब चैनल का दमन किया है। पार्टी ने इस बारे में गूगल के सी.ई.ओ. सुंदर पिचई को पत्र लिखा है।**

पार्टी ने राहुल गांधी के वीडियोज़ की एक्सैस को लेकर एल्फाबेट के सी.ई.ओ. सुन्दर पिचाई को पिछले सप्ताह ही एक पत्र भेजकर इस मामले में जाँच कराने का अनुरोध किया था, क्योंकि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल के वीडियोज़ की व्यूअरशिप प्रति सप्ताह 10 मिलियन तक बढ़ी थी।

ए.आई.सी.सी. डेटा एनैलैटिक्स के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने पिचाई को लिखे एक पत्र में दावा किया कि लोकसभा में अडानी को लेकर की गई विवादास्पद स्पीच के बाद राहुल के यू-ट्यूब चैनल की व्यूअरशिप में अचानक से एक रहस्यमयी गिरावट आई है, जबकि उक्त स्पीच को लोकसभा के रिकॉर्ड से भी हटा गिया गया था।

एक पत्र में कहा गया कि इतने उतार-चढ़ाव का क्या कारण है? निश्चित रूप से विवादास्पद स्पीच के बाद व्यूअरशिप में अचानक आई गिरावट कोई संयोग नहीं है, बल्कि यह स्पष्ट रूप से एक दमन है, खासतौर पर उस स्थिति में जबकि तटस्थ माने जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ही विपक्ष के स्वरों की कवरेज करने वाले एकमात्र संस्थान रह गए हैं।

## अस्सी वर्षीय कांग्रेसाध्यक्ष ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुके गहलोत, जो कि रिकॉर्ड तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, अपने उन युवा साथियों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार नहीं है, जिनकी मेहनत के बल पर पार्टी वर्ष 2018 में पुन: सत्ता में आई थी। वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता से हाथ धो बैठी थी और 200 सदस्यीय विधानसभा में वह 75 सीटें खोकर 21 पर सिमट गई थी।

पार्टी का नेतृत्व करते हुए पायलट ने कड़ी मेहनत की और पार्टी को 100 सीटों तक पहुंचाया। गहलोत ने पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि उन्हें एक और मौका दिया जाए। उन्होंने वादाकिया कि वे बीच के सीट छोड़ देंगे ताकि पायलट मुख्यमंत्री बने और वर्ष 2023 के चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कर सके।

राजनैतिक हालात बदल गए क्योंकि 2019 में भाजपा आम चुनाव जीत गई और राजस्थान में कांग्रेस गहलोत के नेतृत्व में एक भी सीट नहीं जीत पाई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने हार की जिम्मेवारी ली और पार्टी अध्यक्ष पद त्याग दिया। सोनिया गांधी को अंतरिम मुखिया बनना पड़ा। बगावत, अवज्ञा, धोखा पार्टी में रोज की बात बन गई है। केन्द्रीय नेतृत्व की परिवर्तन करने की क्षमता भी संदेह के घेरे में आ गई। हताशा मे पायलट ने 2020 में गलती कर दी और बगावत कर दी। वे 14 विधायकों के साथ मुख्यमंत्री की और पार्टी की अवज्ञा कर विधायक दल की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनके इस कदम का भाजपा के साथ मेलजोल के रूप में देखा गया, हालांकि तब भी वे अपना हक मांग रहे थे।

राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने हस्तक्षेप किया और संकट ''डिफ्यूज'' हो गया। पायलट से एक बार फिर वादा किया गया कि उचित समय पर उनका उचित हक उन्हें मिलेगा। गहलोत कुर्सी खाली करने के मामले में कभी गंभीर दिखाई नहीं दिये, जबकि उनसे राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का नेतृत्व करने के लिये भी कहा जा रहा था। एक चतुर और चालाक राजनैतिक नेता, जो वे हैं, के रूप में, गहलोत ने केन्द्रीय नेतृत्व के साथ चालबाजी की तथा पार्टी का केन्द्रीय नेतृत्व खीजता और झुँझलाता रह गया।

खड़गे के सामने बड़े मुश्किल चयन हैं लेकिन वे इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि कोई भी पार्टी युवाओं और युवा-सुलम ऊर्जा के बिना आगे नहीं बढ़ सकती, हालाँकि अनुभव भी उतना ही महत्वपूर्ण है। समय गहलोत के पक्ष में नहीं है तथा पायलट को यह बात अच्छी तरह जान लेनी जाहिये, लेकिन प्रश्न यह है कि पहले आँख कौन झपकायेगा, पहले कौन झुकेगा तथा इसका उत्तर तो खड़गे को ही देना होगा। 80-वर्षीय नेता की असली परीक्षा यही होगी।

# राष्ट्रपति चुनाव फिर से लड़ेंगे बाइडन

डबलिन, 15 अप्रेल। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि, वे राष्ट्रपति पद के होने जा रहे चुनाव में फिर से मैदान में उतरेंगे। आयरिश राष्ट्रीय रेडियो और टेलीविजन प्रसारक आरटीई ने शनिवार को सूचना दी।शुक्रवार आधी रात को आयरलैंड से रवाना होने से पहले बाइडन ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ने का मन बना लिया है और जल्द ही औपचारिक अभियान की घोषणा करेंगे।

बाइडन बुधवार को तीन दिवसीय आधिकारिक दौरे पर डबलिन पहुंचे। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने अपने आयरिश समकक्ष माइकल डी हिगिंस से मुलाकात की और आयरिश प्रधान मंत्री लियो वराडकर के साथ बातचीत की।

## अतीक अहमद और उसके ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अशरफ पर दो से तीन बदमाशों ने फायरिंग की है। अतीक को गोली मारने वाले बदमाश मीडियाकर्मी बन कर आए थे, गोली चलाने के बाद हमलावरों ने सरेंडर कर दिया और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञातव्य है कि 13 अप्रैल को अतीक अहमद के बेटे असद की पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या पर योगी के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की पहली प्रतिक्रिया सामने आई हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने बिना नाम लिए कहा कि पाप-पुण्य का हिसाब इसी जन्म में होता है। अतीक और अशरफ पुलिस की कस्टडी में थे। पुलिस टीम ने माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को लेकर आज कई जगहों पर छापेमारी की थी।

# जापान के प्रधानमंत्री पर बम फेंका

## सरकार के सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला

टोक्यो, 15 अप्रेल। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को शनिवार को वाकायामा शहर में एक भाषण के दौरान उन पर फेंके गए धुआं बम विस्फोट के बाद वहां से सुरक्षित निकाल लिया गया। स्थानीय मीडिया ने यह रिपोर्ट दी है।

राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने पुलिस सूत्रों का हवाले से बताया कि, वाकायामा शहर में एक बंदरगाह पर किशिदा पर पाइप जैसा बम फेंकने वाले संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। एनएचके फुटेज में नजर आ रहा है कि जोरदार धमाके के बाद क्षेत्र में धुंआ फैल गया और लोगों की भीड़ को भागते हुए देखा गया है। इसी दौरान पुलिस अधिकारियों ने संदिग्ध को पकड़ कर जमीन पर बैठा दिया। क्योडो न्यूज और अन्य मीडिया आउटलेट के अनुसार किशिदा पर करीब 11:30 बजे धुंए वाला बम फेंका गया, जब वह प्रतिनिधि सभा के उपचुनाव के समर्थन में भाषण देने जा रहे थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि, घटना के बाद प्रधानमंत्री को तुरंत कवर लिया और घटनास्थल से सुरक्षित निकाल लिया गया। उन्हें कोई चोट या क्षति नहीं पहुंची है। क्योडो न्यूज रिपोर्ट के अनुसार घटना के बाद किशिदा वाकायामा प्रांतीय पुलिस मुख्यालय में हैं और उनके भाषण को रद्द कर दिया गया। यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब जापान अगले महीने हिरोशिमा में जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले उत्तरी साप्पोरो और नागानो के करुइजावा शहर में ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) मंत्रिस्तरीय बैठकों की मेजबानी करने वाला है।

- **यह भी बताया जा रहा है कि, यह एक धुआं बम था, इसलिए ज्यादा क्षति नहीं हुई।**

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908